जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

24 घंटे देखे यश भारत डिजिटल न्यूज़ चैनल
DIGIANA NEWS 122
hathway 598
UCN NEWS/HD 81

● वर्ष- 16 अंक 114-● जबलपुर ● गुरुवार, 26 मई, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष-11 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935



## 76 हजार किमी प्रति घंटे की रफ्तार से धरती के करीब आ रहा है कुतुबमीनार से कई गुना बड़ा asteroid

**नैनीताल।** एक विशाल आकार का क्षुद्रग्रह शुक्रवार को धरती के करीब से गुजरने जा रहा है। विशालकाय होने के कारण विज्ञानियों की नजरें इस पर टिकी हुई है। बहरहाल इसके धरती से टकराने की कोई संभावना नहीं है। इस क्षुद्रग्रह का नाम 7335 (1989 जे ए) है।आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ खगोल विज्ञानी डा शशिभूषण पांडेय ने बताया कि सौरमंडल में चक्कर लगाते पिंडों की धरती से टकराने की आशंका बनी रहती है। बहुत छोटे आकार के पिंड धरती के वातावरण में आते ही जल जाते हैं, लेकिन बड़े आकार के धरती से टकरा सकते हैं। 27 मई को धरती के नजदीक से गुजर रहे क्षुद्रग्रह का आकार बहुत बड़ा है। यह करीब 1.80 किमी का है। क्षुद्रग्रह धरती से करीब 40 लाख किमी दूर से गुजर रहा है।

# उद्धव के एक और मंत्री पर ईडी का शिकंजा

## अनिल परब के सात ठिकानों पर छापेमारी जारी

**मुंबई , एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) ने गुरुवार को महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले के तटीय दापोली इलाके में एक भूमि सौदे में कथित अनियमितताओं के आरोप में परिवहन मंत्री अनिल परब के सात ठिकानों पर छापेमारी की है। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत की गई है। इडी ने मुंबई और पुणे के सात ठिकानों पर छापेमारी की है। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत ईडी द्वारा एक नया मामला दर्ज करने के बाद दापोली, मुंबई और पुणे में स्थानों की तलाशी ली जा रही है। 57 वर्षीय परब महाराष्ट्र विधान परिषद



में तीन बार शिवसेना के विधायक हैं और राज्य के परिवहन मंत्री हैं।

**हैं गंभीर आरोप**प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई दापोली में 2017 में परब द्वारा 1 करोड़ रुपये के विचार के लिए जमीन के एक पार्सल की खरीद के आरोपों से संबंधित है, लेकिन इसे 2019 में पंजीकृत किया गया था। कुछ अन्य आरोपों की भी एजेंसी द्वारा जांच की जा रही है। आरोप है कि बाद में जमीन को मुंबई के एक केबल ऑपरेटर सदानंद कदम को 2020 में 1.10 करोड़ रुपये में बेच दिया गया। इसी बीच 2017 से 2020 तक इसी जमीन पर रिजॉर्ट बनाया गया।

**आयकर विभाग की जांच में भी लगे थे आरोप** वहीं आयकर विभाग की एक जांच में पहले आरोप लगाया गया था कि रिसॉर्ट का निर्माण 2017 में शुरू हुआ था और रिसॉर्ट के निर्माण पर 6 करोड़ रुपये से अधिक नकद खर्च किए गए थे। पूर्व मंत्री अनिल देशमुख से जुड़े एक और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी पहले भी परब से पूछताछ कर चुकी है। **दो पूर्व मंत्रियों पर भी ईडी ने कसा था शिकंजा**- बता दें कि इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) ने उद्धव सरकार के दो मंत्री के खिलाफ भी शिकंजा कसा था। इनमें राज्य के पूर्व गृह मत्री अनिल देशमुख और अल्पसंख्यक मंत्री नवाब मलिक थे ।

## पीपुल्स ग्रुप के भोपाल के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय का छापा

**भोपाल, यश भारत।** पीपुल्स ग्रुप के भोपाल के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय ने छापामारी की है। पीपुल्स गुप पर फॉरेंन फंडिंग से संबंधित जांच की जा रही है। प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने सुबह ग्रुप के कई ठिकानों पर छापा मारा है। पीपुल्स ग्रुप पर फॉरेंन फंडिंग से संबंधित जांच की जा रही है। पीपुल्स ग्रुप के कॉलेज, न्यूज पेपर दफतर समेत अन्य कई जगह गुरुवार सुबह ईडी की टीमों ने एक साथ छापा मारा। जानकारी के अनुसार पीपुल्स ग्रुप पर विदेशी फंडिंग को लेकर जांच की जा रही है। बता दें इससे पहले भी पीपुल्स ग्रुप पर टैक्स चोरी के मामले में आयकर की टीम ने छापा मारा था। पीपुल्स ग्रुप के भोपाल, इंदौर, मुंबई के ऑफिस पर छापे मारे गए थे। जिसमें करोड़ों रुपए के चोरी की बात सामने आई थी। पीपुल्स ग्रुप समाचार पत्र के साथ ही शैक्षणिक संस्थाएं संचालित करता है। फिलहाल पीपुल्स ग्रुप के कई ठिकानों पर ईडी की जांच जारी है।

## कुपोषण का कलंक मिटाने सीएम शिवराज ने जनता से की भावुक अपील

# आंगनवाड़ियों से जुड़ें करें हरसंभव सहयोग

**भोपाल, यश भारत।** सीएम शिवराज सिंह चौहान प्रदेश ने प्रदेश से कुपोषण का कलंक मिटाने और आंगनवाड़ियों का काकायाकल्प करने के लिए लगातार सक्रिय हैं। वह एडाप्ट एन आंगनवाड़ी अभियान को गति देने के लिए विगत मंगलवार को राजधानी भोपाल में सड़क पर हाथ ठेला लेकर खिलौना एकत्रीकरण के लिए निकले थे। उनके इस कार्यक्रम को जनता का भरपूर समर्थन मिला था। इसके प्रति लोगों का आभार व्यक्त करते हुए सीएम शिवराज ने एक बार फिर प्रदेशवासियों से कुपोषण दूर करने के मिशन में जनसहयोग की अपील की है।गुरुवार सुबह उन्होंने प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य है, और वर्तमान भी स्वस्थ, शिक्षित और संस्कारित बच्चे समर्थ राष्ट्र का निर्माण करते हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक वैभवशाली, गौरवशाली, संपन्न समृद्ध और शक्तिशाली भारत के निर्माण का महायज्ञ चल रहा है। उसकी पूरी सफलता के लिए जरूरी है हमारे बच्चे पूर्णतः स्वस्थ रहे। आंगनवाड़ी माध्यम है बच्चों को स्वस्थ रखने का सुशिक्षित रखने का, उन्हें बेहतर संस्कार देने का उनकी बेहतर ग्रोथ का लेकिन, आंगनवाड़ी केवल सरकार की जवाबदारी नहीं है। सरकार संसाधन जुटा रही है पोषण आहार भेज रही है। व्यवस्थाएं जुटा रही है। लेकिन, समाज की भी कोई जवाबदारी है। और इसलिए, हमने



सोचा आंगनवाड़ी केवल सरकार न चलाए सरकार के साथ समाज को भी जोड़ा जाए इसलिए हमने आंगनवाड़ी गोद लें अभियान प्रारंभ किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि कई लोगों ने आंगनवाड़ी गोद ली लेकिन, केवल एक व्यक्ति आंगनवाड़ी गोद क्यों ले वो अपना काम करेंगे लेकिन, हम भी तो आंगनवाड़ी से जुड़ें। आंगनवाड़ी में संपूर्ण पोषण आहार मिले, शिक्षा देने की व्यवस्था ठीक हो, खेलकूद की व्यवस्था की जाए। आज इसकी आवश्यकता है और इसी को ध्यान में रखते हुए आंगनवाड़ी को समाज से जोड़ने के लिए आंगनवाड़ी में संपूर्ण संसाधनों की व्यवस्था के लिए मैं भोपाल में (मंगलवार को) हाथ ठेला लेकर निकला था। अनेक प्रकार की सामग्री आ गई लाखों रुपए के चेक और कमिटमेंट आ गए। मेरा उत्साह और बढ़ गया। और इसलिए, समाज को आंगनवाडी से जोड़ने का अभियान अब एक सामाजिक आंदोलन बन रहा है।मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि आप भी इस अभियान से जुड़िए आंदोलन से जुड़िए आप आंगनवाड़ी की आवश्यकताओं की पूर्ति में सहयोग कर सकते हैं, किसान हैं। अनाज दे दीजिए, व्यापारी हैं सामग्री दे दीजिए, उद्योगपति, सामाजिक कर्मचारी, अधिकारी अन्य काम में लगे व्यक्ति हैं तो जो आपका सामर्थ हो तो उस समर्थ से आंगनवाड़ी में कुछ ना कुछ जरूर दें। आप अगर आपका जन्मदिन है तो आंगनबाड़ी के बच्चों के साथ मनाएं। आप न जाएं तो वहां दूध, फल, पोषण समग्री भिजवा दें। माताजी-पिताजी की पुण्य स्मृति में आप आंगनवाड़ी में भोजन करा सकते हैं। बच्चों के जन्मदिन पर आप आंगनवाड़ी में सामग्री भेंट कर सकते है। इसलिए मैं, आज आपसे भावुक अपील कर रहा हूं! आंगनवाड़ी से जुड़िए मतलब अपने बच्चों से जुड़िए, अपने देश के भविष्य से जुड़िए। अगर आप न जा पाएं तो कोई बात नहीं है मैं उनसे, आह्वान कर रहा हूं जो बच्चों के लिए समान इकट्ठा करने के लिए निकल सकते है, जैसे मैं भोपाल में निकला! मित्रों आप अपने शहर, गांव में निकलिए सामग्री एकत्रित कीजिए और आंगनवाड़ी में भेंट कीजिए।



# सुरक्षाबलों ने 3 आतंकियों को किया ढेर

## कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

**जम्मू ।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। मुठभेड़ में लश्कर के तीन आतंकियों को मार गिराया गया है। मौके से हथियार बरामद हुए हैं। समाचार एजेंसी के अनुसार, जम्मू-कश्मीर पुलिस को सूचना मिली थी कि कुपवाड़ा के जुमागुंड गांव से कुछ आतंकी भारत की सीमा में प्रवेश करने की फिराक में हैं। इसी सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने घेराबंदी की। जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने तीन आतंकवादियों को मार गिराने में सफलता हासिल की है। आईजीपी कश्मीर ने बताया कि मारे गए दहशतगर्द प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर से जुड़े थे। आतंकियों की पहचान की जा रही है। मौके से हथियार और गोला-बारूद समेत आपत्तिजनक सामग्री बरामद किया गया है। इससे पहले, कल यानि बुधवार को उत्तरी कश्मीर के बारामुला के करीरी इलाके में सुरक्षाबलों ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद के तीन पाकिस्तानी आतंकियों को मारा गिराया था। इस मुठभेड़ में जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक जवान भी शहीद हो गया। मारे गए तीनों आतंकी श्रीनगर किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। दहशतगर्दों के पास से हथियार और गोला बारूद भी बरामद किया गया है।जम्मू-कश्मीर पुलिस और 52 आरआर के सेना के जवानों ने आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### पटियाला जेल में क्लर्क बने सिद्धू, सुरक्षा के मद्देनजर बैरक में रहकर ही काम करेंगे

**पटियाला।** रोडरेज केस में पटियाला में एक साल की सजा काट रहे नवजोत सिंह सिद्धू को जेल में क्लर्क का काम मिला है। सिद्धू की सुरक्षा को देखते हुए उन्हें बेकरी या फैक्ट्री की बजाय ऑफिस का काम दिया गया। ये काम भी वे बैरक से ही करेंगे। सिद्धू को तीन महीने तक इसके बदले कोई वेतन नहीं मिलेगा। जेल सुपरिटेंडेंट के मुताबिक, सिद्धू पढ़े-लिखे हैं, इसलिए उन्हें दफ्तर का क्लेरिकल कामकाज सौंपा गया है। पटियाला जेल में क्लर्क बने सिद्धू, सुरक्षा के मद्देनजर बैरक में रहकर ही काम करेंगेरोडरेज केस में एक साल की सजा काट रहे नवजोत सिंह सिद्धू को जेल में क्लर्क का काम मिला है। सिद्धू की सुरक्षा को देखते हुए उन्हें बेकरी या फैक्ट्री की बजाय ऑफिस का काम दिया गया। ये काम भी वे बैरक से ही करेंगे। सिद्धू को तीन महीने तक इसके बदले कोई वेतन नहीं मिलेगा। जेल सुपरिटेंडेंट के मुताबिक, सिद्धू पढ़े-लिखे हैं, इसलिए उन्हें दफ्तर का क्लेरिकल कामकाज सौंपा गया है।

### Sahara Group को झटका सुको ने पलटा दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला, समूह की कंपनियों को अंतरिम राहत से इनकार



**नई दिल्ली , एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सहारा समूह को एक बड़ा झटका दिया है। दरअसल, कोर्ट ने समूह से संबंधित कंपनियों की जांच पर अंतरिम राहत देने और जांच पर रोक लगाने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया। मामले की सुनवाई के दौरान पीठ ने सहारा समूह से जुड़ी नौ कंपनियों की जांच पर रोक लगाने के दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली स्फ्लद्धद्ध द्वारा दायर की गई याचिका को अनुमति दी है।।

### काबुल में देर रात 4 धमाके, 16 की मौत; 22 घायल

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में देर रात हुए सीरियल ब्लास्ट में 16 लोगों की मौत हो चुकी है। ये धमाके हजरत जकारिया मस्जिद के आसपास हुआ है। मस्जिद में 7 लोगों के मारे जाने की खबर है। 22 लोग घायल हो गए हैं। काबुल पुलिस के कमांडर ने बताया कि विस्फोट तब हुआ जब लोग मस्जिद के अंदर थे। वहीं मस्जिद के बाद कुछ दूर पर एक मिनी वैन में हुए तीन बम विस्फोट में नौ यात्रियों के मारे जाने की खबर है।

# जनता ही चुनेगी महापौर



## राज्यपाल से मिले सीएम शिवराज

## लग सकती है अध्यादेश पर मुहर

**भोपाल,यशभारत ।** मध्य प्रदेश में नगर निगम के महापौर और नगर पालिका व नगर परिषद के अध्यक्ष के चुनाव की प्रणाली को लेकर काफी दिनों से चला असमंजस गुरुवार को समाप्त हो गया। सरकार मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम में संशोधन के लिए अध्यादेश के माध्यम से महापौर का चुनाव सीधे जनता से कराने की व्यवस्था फिर लागू करने जा रही है। इसके लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यपाल मंगुभाई पटेल से राजभवन जाकर मुलाकात की। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री के अनुरोध के बाद आज ही राज्यपाल की अनुमति मिलते ही राजपत्र में अध्यादेश की अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री के राजभवन पहुंचने से पहले सरकार के प्रवक्ता गृह मंत्री डा.नरोत्तम मिश्रा ने मीडिया से कहा कि नगर पालिका विधि में संशोधन के लिए अध्यादेश का मसौदा राजभवन भेज दिया है। महापौर के चुनाव जनता के माध्यम से और नगर पालिका व नगर परिषद के अध्यक्ष का चुनाव पार्षदों में से कराया जाएगा। इसके बाद मुख्यमंत्री राज्यपाल से मिलने के लिए राजभवन पहुंचे। दोनों के बीच लगभग 15 मिनट मुलाकात हुई। सूत्रों का कहना है कि इस दौरान मुख्यमंत्री ने अध्यादेश संबंधी जानकारी दी। माना जा रहा है कि आज ही राज्यपाल की अनुमति मिल जाएगी और फिर अध्यादेश की अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित करके महापौर का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराए जाने की व्यवस्था प्रभावी कर दी जाएगी। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा है कि नगर निगम महापौर के चुनाव सीधे होंगे। मध्यप्रदेश में सिर्फ महापौर को ही जनता चुनेगी। नगर पालिका और परिषद अध्यक्ष के चुनाव पार्षद द्वारा ही होंगे। अध्यादेश राजभवन चला गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज राज्यपाल से मुलाकात भी की।

# इस्लामाबाद आजादी मार्च में हिंसा, छह की मौत

## मेट्रो स्टेशन में लगाई आग, सेना तैनात

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में जल्दी चुनाव को लेकर पूर्व पीएम इमरान खान के आह्वान पर उनकी पार्टी पीटीआई द्वारा निकाले गए इस्लामाबाद मार्च के दौरान हिंसा भड़क उठी। सुरक्षा बलों के साथ टकराव में छह की मौत होने और कई जवानों के घायल होने की खबर है। मेट्रो स्टेशन भी फूंक दिया गया। गुरुवार को इमरान ने शहबाज सरकार को छह दिन का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने इस दौरान चुनाव की घोषणा नहीं की तो पूरा देश इस्लामाबाद कूच करेगा। पूर्व पीएम इमरान खान की इस्लामाबाद रैली को रोकने के दौरान पुलिस व पीटीआई कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस्लामाबाद का मेट्रो स्टेशन फूंकने की खबर की है। इसके बाद शहबाज शरीफ सरकार ने इस्लामाबाद में सेना तैनात कर रेड जोन घोषित कर दिया। सरकार ने रैली पर रोक लगा दी थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों को निर्देश थे कि आजादी मार्च के लिए पीटीआई को वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराएं।



## भाजपा ने 2024 के लिए तैयार किया 144 फॉर्मूला

# कैसे मिल सकती है बड़ी विजय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 में होने वाले हैं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अभी से इसकी तैयारी में जुट गई है। भाजपा का फोकस उन 144 लोकसभा सीटों पर अपनी उपस्थिति मजबूत करने की है, जहां 2019 में हार का सामना करना पड़ा था। संगठन के महासचिव बीएल संतोष ने योजना पर एक प्रस्तुति दी जिसमें केंद्रीय मंत्रियों के लिए बड़े पैमाने पर जनसंपर्क अभियान शामिल है। पहले चरण में पार्टी इन 144 लोकसभा सीटों और इनके अंतर्गत आने वाली विधानसभा सीटों की पूरी जानकारी जुटाएगी। भाजपा के मुताबिक पार्टी इन सीटों पर बूथों को मजबूत करेगी। बीजेपी



इन सीटों पर अगले 18 महीनों में काम करने के लिए तीन स्तर के नेताओं को तैनात करेगी। सबसे पहले एक केंद्रीय समिति होगी जिसमें राष्ट्रीय नेता शामिल होंगे जो पूरे कार्यक्रम की निगरानी करेंगे। दूसरा, एक राज्य समिति योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित करेगी। तीसरा, केंद्रीय मंत्रियों के साथ एक क्लस्टर समिति गतिविधियों की देखरेख और केंद्रीय और राज्य समितियों के बीच समन्वय में सीधे तौर पर शामिल होगी। कार्यक्रम के तहत पार्टी के संगठनात्मक प्रभारी हर 15 दिन में एक रात प्रत्येक लोकसभा सीट पर बिताएंगे। प्रत्येक लोकसभा के प्रभारी पहले दो महीनों में लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक रात बिताएंगे। बाद में रात्रि प्रवास के लिए वह लोकसभा प्रभारी के लिए साप्ताहिक कार्य करेंगे। लोकसभा टीम की जिम्मेदारी जाति, पार्टी के पक्ष और विपक्ष में मुद्दों के आधार पर डेटा तैयार करने की होगी। साथ ही कमजोर विधानसभा क्षेत्रों, चुनाव पूर्वानुमान और जाति समीकरण को उजागर करते हुए एक डोजियर तैयार किया जाएगा। टीम इन 144 सीटों के लिए पार्टी के उम्मीदवारों पर भी नजर रखेगी। पार्टी ने विपक्षी शासित राज्यों के निर्वाचन क्षेत्रों में भी हर महीने कैंपेन की योजना बनाई है।

# बाल-बाल बची 110 यात्रियों की जिंदगी

## दौड़ती बस के पिछले टायर निकले

### दूसरी बस टायर फटने से हुई दुर्घटनाग्रस्त

**देहरादून।** हरिद्वार से रोडवेज की बस से देहरादून आ रहे 56 यात्रियों और देहरादून से हरिद्वार जा रहे 54 यात्रियों की जान बुधवार सुबह बाल-बाल बच गई। देहरादून-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुआंवाला में परिचालक की तरफ वाले पिछले दोनों टायर चलती बस से निकलकर बाहर आ गए।गनीमत रही कि टायर बाहर निकलते ही बस की बाडी उस पर टिक गई और चालक ने बस नियंत्रित कर ली। शुक्र यह भी रहा कि उस वक्त आगे-पीछे वाली तरफ कोई अन्य वाहन करीब नहीं था, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। दूसरी घटना भी कुआंवाला के समीप मियांवाला में हुई। इसमें दून से 54 यात्रियों को लेकर हरिद्वार जा रही बस का चालक वाली तरफ वाला टायर फटने से बस अनियंत्रित हो गई और स्ट्रीट लाइट के पोल को तोड़कर डिवाइडर पर चढ़ गई। दोनों ही बसें हरिद्वार में डिपो कार्यशाला से जांच के बाद मार्ग पर भेजी गई थी। इसे गंभीरता से लेते हुए रोडवेज के प्रबंध निदेशक रोहित मीणा की ओर से महाप्रबंधक दीपक जैन को विस्तृत जांच के आदेश दिए गए हैं।

# एमपीईबी नहीं चाहता कि जबलपुर जनपद की 56 ग्राम पंचायत के लोग पानी पिएं

## दिसंबर के बाद भी नलजल योजना के तहत नहीं लगाए गए ट्रांसफार्मर









**जबलपुर, यशभारत।** एमपीईबी मतलब मध्य प्रदेश पूवऱ् क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड । इस विभाग के कार्य की जानकारी सभी को है लेकिन एक महत्वपूर्ण जानकारी जानकर सभी हैरान हो जाएंगे। दरअसल इस विभाग की लापरवाही के कारण जबलपुर जनपद की 56 ग्राम पंचायतों में पीने का पानी नहीं पहुंच पा रहा है। अब इन पंचायतों के ग्रामीण भी यही कहने लगे कि एमपीईबी नहीं चाहता है कि ग्रामीण पानी पिए। मालूम हो कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में नवीन नलजल योजना के तहत प्रत्येक घर में पानी पहुंचाने के लिए पाइप लाइन बिछा रहा है। प्राय: सभी पंचायत के गांवों में पाइप लाइन बिछाने का कायऱ् पूरा हो चुका है। लेकिन कुछ जनपदों में एमपीईबी की लापरवाही के कारण बिछी पाइप लाइनों से ग्रामीणों के घर तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण जबलपुर जनपद है। इस जनपद की 56 ग्राम पंचायतों के गांवों में नलजल योजना के तहत ग्रामीणों के घर तक शुद्व पेयजल पहुंचा जाना था लेकिन उंगली में गिनने वाली पंचायतों में यह योजना सुचारू रूप से संचालित हो पाई है शेष पंचायतों के ग्रामीण आज भी बूंद-बूंद पानी को मोहताज है।

### ट्रांसफार्मरों के पैसा जमा विभाग काम नहीं करना चाहता है

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पीएचई के अधिकारियों से बात की तो उनका कहना था कि किस गांव और पंचायत में कितने बिजली के ट्रांसफार्मर रखे जाना है इसकी सूची बहुत पहले ही एमपीईबी विभाग को दी जा चुकी है यही नहीं ट्रांसफामऱ् का पैसा भी विभाग को दिया जा चुका है।

### साल 2021 में बिछ गई पाइप लाइन

नलजल योजना के तहत साल 2021 के अक्टूबर-नवंबर में पाइप लाइन बिछाने का काम पीएचई विभाग कर चुका है। मगर ट्रांसफार्मर नहीं रखने की वजह से बोरिंगों में मोटर नहीं डाली जा सक रही है। इस वजह से ग्रामीणों के घरों तक पीने का पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जानकर हैरानी होगी कि पीएचई को नलजल योजना का काम 8 माह में पूरा कर लेना था लेकिन एमपीईबी अधिकारियों की लापरवाही के कारण एक साल बाद भी यह काम पूरा होता नहीं दिख रहा है।

### लाखों नहीं करोड़ों रूपयों का प्रोजेक्ट

बताया जा रहा है कि नलजल योजना का प्रोजेक्ट लाखों नहीं करोड़ों का है और इसके लिए सरकार जिला पंचायत और लोक निमाज़्ण विभाग को पयाज़्त पैसा उपलब्ध करा रही है। हालांकि कलेक्टर डॉक्टर इलैयाराजा टी लगातार इस प्रोजेक्ट पर नजर रख रहे हैं। बीते दिनों एक बैठक में कलेक्टर द्वारा एमपीईबी अधिकारियों को हिदायत दी चुकी है।

### पाइप लाइन हो रही खराब

एमपीईबी की लापरवाही के कारण पाइप लाइन खराब हो रही है। कुछ ऐसी पंचायतें है जहां से पाइप लाइन चोरी भी हो रही है। इसको लेकर पीएचई विभाग भी परेशान है क्योंकि पाइप लाइन बिछाने में जो व्यय हुआ है वह दोबारा नहीं मिलेगा। इस स्थिति में पंचायतों में महत्वकांक्षी पूर्ण रूप से संचालित नहीं हो पाएगी।

### ग्राम पंचायत उमरिया में खिड़कियों से बांध दी पाइप लाइन

जबलपुर जनपद की ग्राम पंचायत उमरिया में नलजल योजना के बुरे हाल है। स्थिति ऐसी है कि ग्रामीणों ने योजना का लाभ मिलते न देख तो पाइप लाइनों को खिड़कियों में बांध दिया है। कुछ स्थानों पर नालियों पर पाइप लाइन दफन हो गई है। ग्रामीण दयाशंकर उपाध्याय, मुकेश रजक, अशोक पटेल, बेड़ी चक्रवती, रामकिशोर ने बताया कि जल्द ही बिछी पाइप लाइन में पानी नहीं पहुंचा तो पूरी लाइन खराब हो जाएगी।

# जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से रिटायर प्राचार्य की सेवा पुस्तिका गायब



**जबलपुर, यशभारत।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों की लापरवाही के कारण पूर्व महिला प्राचार्य 10 साल से दर-दर भटक रही है। दरअसल पूर्व प्राचार्या की सेवापुस्तिका गायब कर दी गई जिसकी वजह से उसे विभागीय लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है। कलेक्टर डॉक्टर इलैयाराजा टी से मिलकर पूर्व महिला प्राचार्य ने डीईओ कार्यालय के अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग रखी है।

**9 साल न्याय पाने भटक रही पूर्व प्राचार्य**

केंद्रीय ग्रंथालय की रिटायर पूर्व प्राचार्य गोरखपुर निवासी पुष्पा राजपूत के मुताबिक शिक्षा विभाग से फरवरी 2012 में सेवानिवृति हुई। जिसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ऑडिटर पुष्पा दुबे के द्वारा सेवा पुस्तिका को गायब कर दिया गया। 9 वर्ष बीतने के बाद भी विभाग के द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा रही हैं। जिसके कारण 33 वर्ष की नौकरी करने के बावजूद सेवानिवृति व क्रमोन्नति का लाभ नहीं मिल पा रहा हैं।

### ऑडिटर के द्वारा की जाती रही है 10 हजार की मांग

प्राचार्य का आरोप है ऑडिटर पुष्पा दुबे के द्वारा सेवा पुस्तिका के लिए पूर्व में अन्य लोगो से सेवानिवृति के दौरान 10 हजार की मांग की जाती रही है। प्राचार्य होने के कारण ऑडिटर के द्वारा उनकी सेवा पुस्तिका को गायब कर दिया गया। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के द्वारा 9 वर्षों से सिर्फ भटकाया जा रहा है। प्राचार्य ने कलेक्टर से ऑडिटर और जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की भी मांग की है।

# मेरी विधानसभा की जनता के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है: लखन

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर की समस्याओं से आप सभी वाकिफ है। प्रतिदिन अपनी लेखनी से जनता की आवाज बुलंद कर बखूबी उन समस्याओं को शासन प्रशासन के समक्ष लाते है। परन्तु देखने में आ रहा है कि शासन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वाहन करने में नाकाम रहे है। समस्याओं को हल करने का सिर्फ ढिढोंरा तो पीटा जा रहा है परन्तु जनता के पैसों की खूब फिजूल खर्ची कर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। यह बात कांग्रस के पूर्व क्षेत्र विधायक लखन घनघोरिया ने एक पत्रकारवार्ता में कही।

विधायक ने कहा कि शहर की मूलभूत समस्याओं एवं कठिनाईयो का सामना मेरी पूर्व विधानसभा की जनता भी कर रही है। आप जबलपुर के निवासी होने के कारण इन तथ्यों को भली भांति जानते है कि मेरी विधानसभा के आधे से अधिक नागरिक गरीब एवं मध्यम वर्ग के है, जिनका जीवन यापन मुख्य रूप से दैनिक वेतन भोगी मजदूरी पर होता है एवं मेरे द्वारा समय-समय पर प्रशासनिक अधिकारियों को जन समस्याओं से अवगत कराया गया है। परन्तु यह देखा जा रहा है कि शासन प्रशासन उसै अनदेखा करता है, जिससे मुझे महसूस हो रहा है कि जानबूझ कर मेरे प्रतिनिधित्व क्षेत्र पूर्व विधानसभा की उपेक्षा की जा रही है। जन समस्याओं को लेकर जनता के हित में आम नागरिकों एवं कांग्रेस कार्यकत्ताओं की उपस्थिति में मेरे द्वारा जन न्याय यात्रा 31 मई को संविधान निर्माता बाबासाहेब अम्बेडकर जी की प्रतिमा स्थल से नगर निगम तक पदयात्रा कर नगर निगम जबलपुर को घेरने का कार्य किया जायेगा एवं मध्यप्रदेश शासन के सक्षम अधिकारी को ज्ञापन सौपकर समस्याओं के समाधान हेतु पत्र दिया जायेगा।




### टंकी का उपयोग नहीं हो पा रहा है

विधायक ने कहा कि संजय गाँधी वार्ड में डेढ़ वर्ष पूर्व 55 लाख गेलन की टंकी का निर्माण पूर्ण हो चुका है, परन्तु निगम प्रशासन की उदासीनता के कारण इसका उपयोग नहीं हो पा रहा है। यही हालात मिल्क स्कीम, अब्दुल हमीद वार्ड की टंकी किलकारी गार्डन की 55 लाख गेलन क्षमता वाली टंकी की है, जिसे 4-4 मीटर कम भरा जाता है। कुली हिल्स बेलबाग की टंकी 16 मीटर भरने की बजाय आधी भरी जाती है। इस टंकी से श्यामा प्रसाद मुखर्जी, आचार्य विनोवा भावे, शीतलामाई, जवाहरलाल नेहरू, द्वारका प्रसाद मिश्र, सेठ गोविंददास वार्ड, सिद्धबाबा वार्ड 8 वार्डो की पानी की सप्लाई होती है। बेलबाग महर्षि अरविंद खेरमाई वार्ड 8 का हिस्सा भी प्रभावित हो रहा है।

### सर्वे हुआ पर निर्माण कार्य नहीं हुआ

अमृत जल योजना से प्रस्तावित टेढ़ी नीम की टंकी बीमा अस्पताल श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड की टंकी के निर्माण का सर्वे तो हुआ पर निर्माण कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं किया गया। रांझी पम्प हाउस से मरी जाने वाली टकी को इसलिए भरा नहीं जाता कि कट विधानसभा को अतिरिक्त पानी की सप्लाई दी जाती है। कमोवेश यही स्थिति लेमा गार्डन चितरंजनदास वार्ड की टंकी की भी है उसे भी पूरा नहीं भरा जाता। इस मौके पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष जगत बहादुर अन्नू, पश्चिम विधायक तरूण भनोत, उत्तर मध्य विधायक विनय सक्सेना सहित कांग्रेस के बड़े नेता मौजूद थे।

# घर से बुलाकर जबड़े में मारा चाकू

**3 बदमाशों ने मिलकर दिया वारदात को अंजाम, पीड़ित अस्पताल में भर्ती**

**जबलपुर, यशभारत।** गोहलपुर थाना अंतर्गत शांति नगर काली मंदिर के पास घर से बुलाकर तीन बदमाशों ने घर से बहाना कर, युवक को पहले तो बुलाकर जमकर मारपीट की और फिर चाकू घोंप कर मौके से फरार हो गए। जिसके बाद घायल युवक वहीं छटपटाता रहा, जिसे तत्काल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मोहम्मद शोएब निवासी ठक्कर ग्राम पंचकुईया ने बताया कि अनबर, दारुक और एक अन्य ने उसे फोन कर बुलाया और फिर पुरानी रंजिश को लेकर गालीगलौच करने लगे। उसे गालियां देने से मना किया तो जमकर मारपीट की और फिर चाकू घोंप कर लहूलुहान कर दिया। शोर करने पर मौके से फरार हो गए। पुलिस आरोपियों को तलाश करने में जुटी है।



## शौच के लिए मना करने पर हैवान बने पड़ोसी

**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल में घर के सामने शौच करने पर आगबबूला हुए पड़ोसियों ने एक राय होकर पीड़ित युवक के घर में घुसकर जमकर मारपीट कर दी और शोर मचाने पर मौके से फरार हो गए। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि ऋषि पटैल 19 साल निवासी करौदा नाल ने बताया कि उसने घर के सामने शौच करने से मना किया तो सुखचैन कोल, आशीष कोल और उनका दामाद गालीगलौच करने लगे। उसने मना किया तो जमकर मारपीट कर, मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

# गोरखपुर से 16 साल की किशोरी का अपहरण



**जबलपुर, यशभारत।** गोरखपुर के रामपुर में एक 16 साल की किशोरी के अपहरण का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। किशोरी घर से बाहर किराना दुकान गयी थी, फिर घर नहीं लौटी। जिसके बाद परिजनों ने रिश्तेदारों और किशोरी की सहेलियों को फोन लगाया। लेकिन कहीं भी किशोरी का सुराग नहीं मिला। थकहार कर परिजनों ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि साईं नगर काली मंदिर रामपुर निवासी परिजनों ने बताया कि उनकी 16 साल की बेटी दुकान गयी थी, लेकिन फिर घर नहीं लौटी। उन्हे शक है कि कोई युवक उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर, आसपास के सीसीटीव्ही कैमरों को खंगाल रही है।

## कुंडम में कुंए में उतराते हुए मिला अधेड़ का शव मर्डर की आशंका

जबलपुर, यशभारत। थाना कुण्डम के खेत में आज गुरुवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक अधेड़ का शव रोड किनारे लगे खेत के किए में उतराते हुए मिला। मृतक के बेटे ने बताया कि अधेड़ शराब का आदी था और हमेशा ही घर से गायब हो जाते थे। लेकिन बाद में आ जाते थे। मौत की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैली और देखते ही देखते घटना स्थल पर लोगों का जमावड़ा लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर, जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि अधेड़ की हत्या कर, शव कुए में फेंक दिया गया है। अब पीएम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पस्ट हो सकेगी।

जानकारी अनुसार ऋषभ कुशवाहा 25 वर्ष निवासी ग्राम कुण्डम ने पुलिस को बताया कि पिता शांतनू कुशवाहा 55 वर्ष खाकर घर से खेत जाने कहकर गये थे जो रात में वापस नहीं आये । जिनकी तलाश आसपास के गांव में की थी । पिता अधिक शराब पीकर घर से बिना बताये कहीं भी चले जाते थे तथा हमेशा की तरह ही 3 या 4 दिन बाद वापस घर आ जाते थे। पीड़ित बेटे ने बताया कि एक्सीडेण्ट होने के कारण एक पैर ही कम काम करता था,लाठी का सहारा लेकर चलते थे, सुवह वह खेत में सिचाई करने के लिये गया था। कुंए में जाकर देखा तो उसके पिता का शव पानी में उतराते हुये दिखा।

# कैंट में गुलजार हो रहे जुआफड़

**जबलपुर, यशभारत।** कैंट में गुलजार हो रहे जुआफड़ों पर क्राइम ब्रांच और पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए पांच जुआड़ियों को दबोचकर 82 हजार 890 रूपये जब्त किए गए है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि महावीर कम्पाउण्ड में नीलेश पिल्ले के घर के पास जुआफड़ संचालित है। क्राईम ब्रांच एवं थाना केण्ट की संयुक्त टीम ने दबिश देकर सर्वेश केशरवानी निवासी गोरखपुर, सुशील कुमार बर्मन निवासी गोरखपुर, विकास केवट निवासी ब्रजमोहन नगर ,नीलेश पिल्ले निवासी महावीर कम्पाउण्ड सदर, करन कुमार निवासी कांचघर को दबोचकर, 82 हजार 890 रूपये जब्त करते हुये कार्रवाई की गई।

**क्राइम ब्रांच ने 5 जुआरियों को दबोचकर 82 हजार किए जब्त**


## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

पत्र.क्र./स्व.से./2022/278/पी.आर.ओ/257 — दिनांक:- 25/05/2022

**निविदा सूचना प्रपत्र**

नगर निगम जबलपुर द्वारा निम्न कार्य हेतु निविदा में विहित शर्तों के अधीन सक्षम एवं पात्र निविदाकारों से ऑन लाइन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| कार्य का विवरण | अनुमानित व्यय | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र के मूल्य | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| REQUEST FOR PROPOSAL FOR SELECTION OF AGENCY FOR Application development and website maintenance. | 25 लाख | 18,750/- | 5,000/- | 3 वर्ष |

(1) इच्छुक निविदाकार निविदा सूचना का विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in में देख सकते है। (2) निविदा प्रपत्र दिनांक 26/05/2022 को प्रातः 10:30 बजे से दिनांक 24/06/2022 सायं 5:30 बजे तक ऑनलाइन क्रय कर जमा किये जा सकते हैं। (3) ई.एम.डी. राशि ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य है। (4) निविदा प्रपत्र के टेक्नीकल बिड ऑनलाइन खोलने का दिनांक 27/06/2022 को 10:30 बजे तक खोले जायेंगे। (5) निविदा प्रपत्र की फाइनेंशियल बिड की सूचना पृथक से दी जायेगी। (6) प्री बिड मीटिंग दिनांक 17/06/2022 को स्वच्छता सेल मानस भवन में 03:00 बजे की जायेगी। (7) निविदा सूचना में किसी भी संशोधन का समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। यद्यपि उक्त वेबसाइट में प्रकाशन किया जायेगा।

नोडल अधिकारी, स्वच्छता सेल
नगर पालिक निगम, जबलपुर
















# अधिकारियों को शिक्षक का तेज आवाज में बात करना पसंद नहीं आया, किया निलंबित

## मुख्यमंत्री कार्यालय में आवेदन भेजने की सजा!

**भोपाल।** सरकारी स्कूलों के दो शिक्षकों पर स्कूल शिक्षा विभाग ने कार्रवाई की है। एक शिक्षकों को विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गलत व्यवहार करने पर निलंबित किया गया है। वहीं दूसरी महिला शिक्षक को अपनी समस्या का समाधान कराने अधिकारियों के पास ना जाकर मुख्यमंत्री कार्यालय में आवेदन भेजने की सजा दी गई है। उनका वार्षिक वेतन रोक दिया गया है। दोनों मामलों में आदेश जारी कर दिए गए हैं। दरअसल, राजधानी के उमावि पुतली घर में माध्यमिक शिक्षक विकास चौहान को अधिकारियों से ऊंची आवाज में बात करने के कारण निलंबित कर दिया गया है। वे बीते छह मई को अपने दो-तीन साथियों के साथ सीएम राइज स्कूलों में पदस्थापना संबंधित समस्या को लेकर लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआइ) पहुंचे थे। उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे तेज आवाज में बात करने लगे। यह बात अधिकारियों को अच्छी नहीं लगी। मामले में डीपीआइ आयुक्त अभय वर्मा ने पांच दिन पहले शिक्षक चौहान को बिना नोटिस जारी किए सीधे निलंबन के आदेश जारी कर दिए। वहीं दूसरा मामला टीकमगढ़ जिले का है, जहां की शिक्षिका पूजा चौधरी बीते कई सालों से स्थानांतरण के लिए आवेदन दे रही थीं। उनका स्थानांतरण नहीं हुआ, तो उन्होंने सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय में ट्रांसफर का आवेदन भेज दिया। यह बात अधिकारियों को पता लगी, तो महिला शिक्षक का वार्षिक वेतन रोक दिया गया। यह शिक्षकों की समस्याओं के दो उदाहरण है, लेकिन लोक शिक्षण संचालनालय के अधिकारियों के पास शिक्षकों की समस्याओं का अंबार लगा हुआ। इन समस्याओं को सुलझाने के बजाय अब समस्या बताने वाले शिक्षकों को पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। दरअसल, स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री इंदर सिंह परमार ने एक साल पहले परिवेदना पोर्टल शुरू किया था। इस पोर्टल के माध्यम से शिक्षक अपनी समस्याएं अपलोड करते, जिससे विभाग के अधिकारियों को इसका निराकरण करना था। परिवेदना पोर्टल पर शुरुआत में कुछ काम हुए, लेकिन अब शिकायतों को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

# केन-बेतवा लिंक परियोजना के कोर एरिया विस्तार के लिए 21 गांव होंगे विस्थापित

## राजधानी में इसी हफ्ते खुल जाएगा केन-बेतवा लिंक परियोजना अथॉरिटी कार्यालय




**भोपाल।** केन- बेतवा लिंक परियोजना की वजह से पन्ना टाइगर रिजर्व का आधा क्षेत्र डूब जाएगा। ऐसे में पार्क के वन्य प्राणियों को दूसरे स्थान पर सुरक्षित बसाने के लिए कोर एरिया को विस्तार देने की योजना है। इसके लिए पार्क से सटे 21 गांवों के लोगों को विस्थापित किया जाएगा। इनमें पन्ना जिले के सात और छतरपुर के 14 गांव हैं। राज्य सरकार ने राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित कर दी है। इसी के साथ छतरपुर एवं पन्न कलेक्टर ने संबंधित गांवों में संपत्ति का सर्वे शुरू करा दिया है। अगले छह से आठ महीने में सर्वे का काम पूरा होने की संभावना है। उधर, दोनों नदियों पर बनने वाले ढोढ़न बांध को लेकर तमाम तरह के निर्णय लेने का अधिकार रखने वाली केन-बेतवा लिंक परियोजना अथारिटी का कार्यालय इसी हफ्ते भोपाल में खुल जाएगा। विश्वेश्वरैया भवन में अथारिटी को जगह दी गई है। इसके बाद छतरपुर जिले में भी कार्यालय खोला जाएगा। परियोजना का काम एक कदम आगे बढ़ा है। राजस्व और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बैठकें शुरू हो गई हैं। बांध में अब सबसे बड़ी अड़चन पार्क है। जहां से पहले वन्यप्राणियों को दूसरी जगह शिफ्ट किया जाना है। इसकी कार्यवाही तेज हो गई है। छतरपुर कलेक्टर ने राजस्व अमले को सर्वे में लगा दिया है। इसमें गांव के प्रत्येक रहवासी की कृषि भूमि, आवासीय भूमि सहित अचल संपत्ति का आकलन किया जा रहा है। इस काम के पूरा होने के बाद लेंड ट्रांसफर (राजस्व से वनभूमि में परिवर्तित) की जाएगी। आगे की कार्रवाई उसके बाद ही शुरू होगी। इनमें से 10 गांव डूब क्षेत्र में आ रहे हैं। इनमें छतरपुर जिले के ढोढ़न, खरियानी, भोरखुआं, पलकौहां, सुकवाहा, कुपी, नैगुवां, शाहपुरा, मैनारी, पाठापुर शामिल हैं। इनकी भूमि सरकार अधिग्रहीत करेगी। उल्लेखनीय है कि इस परियोजना से मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र को सिंचाई एवं पीने का पानी मिलेगा।

### कोर एरिया का होगा विस्तार

डूब क्षेत्र के बाहर रहने वाले 11 गांवों में पार्क के कोर एरिया का विस्तार किया जाएगा। पार्क की छह हजार 17 हेक्टेयर भूमि डूब रही है। इसमें से 4141 हेक्टेयर भूमि कोर एरिया की है। इसकी भरपाई छतरपुर और पन्न जिले के गांव कोनी, मरहा, पाठापुर, कटहरी-बिल्हारा, मझौली, कोनी, गहदरा, खमरी, कूड़न, नैगुवां, डुंगरिया, घुघरी, बसुधा, कदवारा का विस्थापन होगा। इन गांवों की 4396 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गई है।



# एक व्यक्ति- एक पद - जीतू पटवारी ने मप्र कांग्रेस मीडिया विभाग प्रदेश अध्यक्ष पद छोड़ा

**भोपाल।** पूर्व मंत्री जीतू पटवारी ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मीडिया के पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने पार्टी द्वारा तय किए गए एक व्यक्ति एक पद के सिद्धांत का पालन करते हुए यह कदम उठाया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ और प्रदेश के प्रभारी महासचिव मुकुल वासनिक को भेजे इस्तीफे में पटवारी ने कहा कि मैं अभी दो पद पर हूं, इसलिए मीडिया विभाग के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी किसी अन्य साथी को दी जाए। प्रदेश कांग्रेस में इन दिनों बदलाव का दौर चल रहा है। खंडवा और बुरहानपुर जिला इकाई में अध्यक्ष के रिक्त पदों पर नियुक्ति की गई। अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष सुरेन्द्र चौधरी और आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष अजय शाह ने भी इस्तीफा दिया और दोनों स्थानों पर नई नियुक्तियां की गईं। इसी तरह कुछ अन्य जिलों में भी अध्यक्ष बदले गए हैं। मीडिया विभाग के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को भेजे इस्तीफे में कहा कि उदयपुर चिंतन शिविर में एक व्यक्ति एक पद का निर्णय लिया गया। मैं मीडिया विभाग का अध्यक्ष होने के साथ प्रदेश कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष भी हूं। इस नाते एक पद से इस्तीफा दे रहा हूं। मीडिया विभाग की जिम्मेदारी किसी अन्य साथी को दी जाए। सूत्रों का कहना है कि पटवारी के इस्तीफा देने के बाद प्रदेश संगठन के ऐसे पदाधिकारी, जिनके पास एक से अधिक पद हैं, वे एक पद से इस्तीफा दे सकते हैं।

# नए आरक्षण से गड़बड़ाया पार्षद पद का समीकरण

### कई उम्मीदवारों की डेढ़ साल की मेहनत पर फिरा पानी

**भोपाल।** नगर निगम के 85 वार्डों में से 71 वार्डों के लिए बुधवार को हुए आरक्षण ने पार्षद पद की उम्मीद लगाए बैठे नेताओं के समीकरण फिर गड़बड़ा दिए हैं। नए सिरे से आरक्षण की वजह से निगम चुनाव में बड़ा फेरबदल होने वाला है। सबसे बड़ा फेरबदल अनारक्षित वार्डों में हुआ है। उम्मीदवारों की बीते डेढ़ साल की मेहनत पर पानी फिर गया है। अब ऐसे में उन्हें या तो दावेदारी छोड़नी पड़ेगी या दूसरे वार्ड से दम भरना पड़ेगा, जोकि सरल नहीं होगा। अनेक पुराने दावेदार आरक्षण की नई व्यवस्था के बाद अब नए वार्डों से चुनाव लड़ने की संभावनाएं टटोलने में जुट गए हैं।

### प्रमुख एमआइसी सदस्यों के नहीं बदलेंगे वार्ड

पिछली महापौर परिषद के सदस्यों केवल मिश्रा, महेश मकवाना, शंकर मकोरिया के वार्ड नहीं बदलने से राहत मिली हैं। वे अपने ही वार्डों से ताल ठोंक सकेंगे।

### ऐसे बदल गए समीकरण

- महापौर परिषद के पूर्व सदस्य केवल मिश्रा वार्ड 56 से पार्षद थे। यह अनारक्षित पुरुष वार्ड था। वर्ष 2020 में यह अनारक्षित महिला हो गया था। अब यह अनारक्षित हो गया है। ऐसे में वो दोबारा इसी वार्ड से चुनाव लड़ सकेंगे।
- इसी तरह शंकर मकोरिया अनारक्षित वार्ड 33 से पार्षद थे। यह अनारक्षित महिला हो गया था। फिर से यह अनारक्षित हो गया है। यानी यहां से भी कोई भी चुनाव लड़ सकता है। ऐसे में मकोरिया इसी वार्ड से ताल ठोंक सकते हैं।
- कांग्रेस के गुड्डू चौहान वार्ड 46 से पार्षद थे। यह अनारक्षित पुरुष था। पिछले आरक्षण में अनारक्षित महिला हो गया। ऐसे में गुड्डू ने पत्नी को लड़ाने की तैयारी कर रखी थी। भाजपा के स्थानीय नेता नंदकिशोर सनान्से (ओबीसी) भी पत्नी को चुनाव में उतारने के लिए मोर्चा संभाले थे। अब यह वार्ड अनारक्षित मुक्त हो गया है। ऐसे में गुड्डू चौहान यहां से चुनाव लड़ेंगे। पुराने आरक्षण की वजह से पूर्व एमआईसी सदस्य आशाराम शर्मा इस वार्ड से चुनाव की दौड़ से बाहर हो गए थे। अब उनका भी रास्ता साफ हो गया है।
- एमआइसी के पूर्व सदस्य दिनेश यादव सामान्य वार्ड 35 से पार्षद थे। यह अनारक्षित महिला हो गया था। अब ओबीसी महिला हो गया है। ऐसे में वो अनारक्षित मुक्त वार्ड 34 या कोलार से चुनाव लड़ सकते हैं।




- बताया जा रहा है कि महापौर परिषद के पूर्व सदस्य मनोज चौबे, आशा जैन और मंजूश्री बारकिया आरक्षण के बाद कोई उचित वार्ड नहीं तलाश पाए हैं या फिर चुनाव नहीं लड़ेंगे।
- नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रहे कांग्रेस नेता मोहम्मद सगीर वार्ड 43 से पार्षद थे। पुराने आरक्षण में यह अनारक्षित महिला था। यही यथावत रहा। ऐसे में वो वार्ड 41 या 42 से लड़ सकते हैं।
- वार्ड 27 से कांग्रेस के मोनू सक्सेना, 30 से प्रवीण सक्सेना की पत्नी सीमा और वार्ड 31 से अमित शर्मा पार्षद थे। ये सभी वार्ड अनारक्षित थे। पिछले आरक्षण में ये तीनों ही वार्ड ओबीसी के लिए आरक्षित हो गए थे। अब वार्ड 30 अनारक्षित मुक्त हो गया है। ऐसे में प्रवीण सक्सेना यहां से दावेदारी कर सकेंगे। वहीं वार्ड 31 ओबीसी महिला हो गया है। इस स्थिति में अमित शर्मा को नया वार्ड तलाशना होगा। मोनू सक्सेना का वार्ड 27 अनारक्षित महिला हो गया है। वो भी किसी और वार्ड से ही लड़ पाएंगे।
- कोलार के पांच वार्ड 80, 81, 82, 83, 84 में पार्षद पद के अधिकांश दावेदारों को नए आरक्षण से राहत नहीं मिली है। उन्हें वार्ड बदलना होंगे।
- वार्ड 81 से एससी के पवन बोराना पार्षद थे। यह एससी महिला हो गया था। पवन को किसी और वार्ड में जाकर चुनाव लडा होगा।
- वार्ड 82 अनारक्षित पुरुष था। यहां से ओबीसी के भूपेंद्र माली पार्षद थे। यह वार्ड ओबीसी महिला हो गया था। अब अनारक्षित महिला हो गया है। उनकी दावेदारी मुश्किल नजर आ रही है।
- वार्ड 83 ओबीसी महिला था। मनफूल मीणा पार्षद थी। फिर ओबीसी पुरुष हो गया। अब यह अनारक्षित मुक्त हो गया है। ऐसे में उनके पति श्याम मीणा कांग्रेस से दावेदारी करेंगे।



# भोपाल दौरे पर विधायक-संसद सदस्य सहित मंत्रियों के कामकाज की समीक्षा करेंगे जेपी नड्डा

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एक जून को भोपाल में मंत्रियों के कामकाज की समीक्षा करेंगे। दो दिवसीय प्रवास के दौरान वे सांसद-विधायक सहित समस्त जनप्रतिनिधियों और प्रमुख कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे। कोर ग्रुप की बैठक लेकर प्रदेश के सियासी हालात का जायजा भी लेंगे। पार्टी नेताओं के मुताबिक विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिहाज से नड्डा का दौरा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भाजपा के प्रदेश प्रभारी पी मुरलीधर राव, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, गृहमंत्री डा नरोत्तम मिश्रा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद की मौजूदगी में मंगलवार रात को जेपी नड्डा के प्रवास के संबंध में बैठक की गई। इसमें तय किया गया कि अगले एक महीने में भाजपा कार्यालय को खाली कर नए भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाए। पार्टी सूत्रों के मुताबिक भाजपा कार्यालय में हुई इस बैठक में पार्टी कार्यालय के नए भवन निर्माण के बारे में विचार किया गया। नेताओं ने नए भवन की लागत और डिजाइन को लेकर तीन कंपनियों द्वारा दिए गए प्रस्तुतीकरण (प्रजेंटेशन) को देखा। अब पार्टी एक प्रस्ताव को स्वीकार कर निर्माण के समय का आंकलन करेगी। संगठन ने फिलहाल ट्रांसपोर्ट भवन को किराए पर ले लिया है, जहां पार्टी कार्यालय को जल्द ही शिफ्ट किया जाएगा। पार्टी नेताओं ने पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव की रणनीति पर भी चर्चा की। यह तय किया गया कि पार्षद स्तर पर युवाओं को टिकट दिया जाए। ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना से लेकर सभी हितग्राहियों से प्रत्यक्ष संपर्क किया जाए। निकाय चुनाव को प्रत्यक्ष प्रणाली से कराए जाने के चलते सभी विधायक और सांसदों को भी जिम्मेदारी दी जाएगी कि वे निकाय के प्रत्याशी का जीत दिलाएं। मुरलीधर राव से मिलीं उमा भारती - पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती मंगलवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय जाकर प्रदेश प्रभारी पी मुरलीधर राव से मिलीं और राज्य सभा चुनाव सहितअन्य मुद्दों परबात की।

# राजधानी में पंचायत चुनाव के लिए आरक्षण

## भोपाल जिला पंचायत में 03 और बैरसिया में 05 सीटें ओबीसी को




**भोपाल।** जिला पंचायत भोपाल में पंचायत चुनावों के लिए बुधवार को विभि-?न पदों के लिए आरक्षण की प्रक्रिया तकरीबन खत?म हो गई है। जिला पंचायत कार्यालय में जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष और जनपद पंचायत सदस्य पद के लिए आरक्षण तय किया जा रहा है। जिला पंचायत कार्यालय में कलेक्टर अविनाश लवानिया, जिला पंचायत सीईओ ऋतुराज सिंह और एडीएम दिलीप यादव जिला पंचायत सदस्य के 10 पद, जनपद पंचायत अध्यक्ष फंदा और बैरसिया एवं जनपद पंचायत सदस्य फंदा के 25 वार्ड और बैरसिया के 25 वार्ड के लिए आरक्षण की कार्रवाई कर रहे हैं। बैरसिया जनपद पंचायत में 126 सरपंच पद एवं 1783 पंच पद के लिए आरक्षण की कार्रवाई की जा रही है। इसी तरह 96 पंचायत के लिए सरपंच और 1366 पंच पद के लिए आरक्षण की कार्रवाई की जा रही है। सबसे पहले जिला पंचायत के कुल 10 निर्वाचन क्षेत्र यानी 10 वार्डों के लिए पद आरक्षित किए गए। ओबीसी, सामान्य, एससी-एसटी सीटों को लेकर मटकी में से गोटी निकालकर आरक्षण की प्रक्रिया की गई। इसमें करीब आधे घंटे का वक?त लगा। इस आरक्षण प्रक्रिया में ओबीसी के कोटे में कुल 3 सीटें गई हैं। वहीं, 3 सीटें अनारक्षित रहीं।

# नगर निगम में पदस्थ 20 कर्मचारियों को मूल विभाग वापस भेजा

## कोर्ट के आदेश के बाद नगर निगम आयुक्त ने कर्मचारियों को किया कार्यमुक्त

**भोपाल ।** नगर निगम में सालों से जमे प्रतिनियुक्ति व स्थानांतरण पर आए 20 अधिकारी व कर्मचारियों को उनके मूल विभाग में भेजने की कवायद शुरू हो गई है। नगर निगम आयुक्त केवीएस कोलसानी ने इन अधिकारियों और कर्मचारियों को नगर निगम भोपाल से कार्यमुक्त कर दिया है। जल्द ही ये कर्मचारी अपने मूल विभाग में दस्तक देंगे। बतादें कि नगर निगम भोपाल में प्रतिनियुक्ति और स्थानांतरण के बाद आए बीस कर्मचारियों की पदस्थापना को अवैध बताते हुए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई थी। जिसके बाद उच्च न्यायालय ने आठ अक्टूबर 2021 को निर्णय देते हुए 30 दिन में इसका निराकरण करने के लिए मप्र नगरीय विकास एवं आवास विभाग को निर्देश दिए थे। इस निर्देश के बाद विभाग ने नगर निगम भोपाल को संबंधित 20 अधिकारी व कर्मचारियों को उनके मूल पद और विभाग में वापस भेजने के लिए पत्र लिखा था। इसी तारतम्य में इन कर्मचारियों को नगर निगम भोपाल से कार्यमुक्त किया गया है। इन कर्मचरियों में सहायक ग्रेड तीन के रजनीश दुबे, उनके मूल निकाय नगर परिषद शाहगंज जिला सीहोर, श्रेयस बोरगांवकर को नगर परिषद बुधनी, उमेश कुमार चंदेल नगर पालिका निगम कटनी, रेखा बुनकर को नगर पालिका अशोक नगर भेजा गया है। वहीं सहायक राजस्व निरीक्षक जगदीश लोधी को नगर पालिका परिषद अशोक नगर, अभय कुमार चतुर्वेदी को नगर परिषद रेहटी, प्रियंका पाल को नगर पालिका निगम रतलाम, मनीषा सोलंकी को नगर पालिका निगम इंदौर, विभा शर्मा को नगर पालिका निगम इंदौर भेजा गया है। जबकि स्वच्छता निरीक्षक एसपी श्रीवास्तव को नगर पालिका निगम देवास, मनीष बाल्मीकि नगर पालिका परिषद गुना, अरविंद गुप्ता को नगर परिषद छनेरा, रविकृष्ण गोयनार को नगर पालिका निगम देवास के साथ सहायक लेखापाल संदीप सोनी नगर पालिका निगम मुरैना और श्रीकात तिवारी को भी नगर पालिका निगम कटनी में उनके मूल विभाग भेजा गया है। इसके अलावा फायर मैन मोहन लाल बचले नगर पालिका निगम रीवा, कामगार मीरा खरे नगर पालिका निगम ग्वालियर, सहायक प्रोग्रामर अतुल चंद्र सक्सेना को संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भोपाल, चौकीदार उदयंकर श्रीवास्तव को नगर पालिका निगम बुरहानपुर, उप स्वास्थ्य पर्यवेक्षक अपूर्वा चतुर्वेदी को नगर पालिका निगम इंदौर में पदस्थ किया गया है।

# भोपाल रेल मंडल ने ग्रीन एनर्जी का उत्पादन कर 1100 टन कार्बन उत्सर्जन बचाया

### रेलवे ने बीना में लगाया है एक मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वाला सोलर प्लांट!

**भोपाल।** भोपाल रेल मंडल ने 1100 टन कार्बन उत्सर्जन होने से बचा लिया है। ऐसा सोलर प्लांट से बिजली पैदा करके किया है। रेल मंडल के भोपाल, बीना और इटारसी जैसे प्रमुख स्टेशनों के शेड्स पर सोलर पैनल लगाकर बिजली पैदा की जा रही है। यह ग्रीन एनर्जी व ऊर्जा संरक्षण की दिशा मे बड़ी पहल है।

### बीना में लगाया एक मेगावाट का सोलर प्लांट

भोपाल मंडल ने बीना में एक मेगावाट का सौर ऊर्जा प्लांट लगाया है, जिससे वित्तीय वर्ष 2021-22 में 13.18 लाख यूनिट्स का उत्पादन हुआ है। इस प्रकार वर्ष 2021-22 मे लगभग रु. 36.00 लाख की बचत हुई है और लगभग 1100 टन का कार्बन उत्सर्जन बचा है। भोपाल स्टेशन पर कवर ओवरशेड पर 240 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट लगाया है, जिससे लगभग हर महीने 29000 यूनिट बिजली का उत्पादन किया जा है। इस बिजली से रेलवे परिसर मे प्रकाश व अन्य विद्युत उपकरणों को चलाया जाता है। रेलवे का दावा है कि राजस्व बचत के साथ साथ ही पर्यावरण को भी सुरक्षित रखने मे सहयोग मिल रहा है। भोपाल एक्सप्रेस, जनशताब्दी और हमसफ़र एक्सप्रेस के डिब्बों मे लगे एसी, लाइट और पंखे अब एचओजी कम्प्लाइन्ट लोको एवं पावर कार होने से ओएचई से बिजली लेकर काम कर रहे हैं। इससे प्रतिवर्ष 06 करोड़ रुपये की बचत हो रही है। अब एलएसएलआरडी पावर कार भी सिस्टम में आ गए हैं। इन पावर कार मे डीजी सेट्स नहीं है। ये पावर कार एचओजी के अनुरूप भी हैं। मंडल में इन पावर कार के आने से पावर कार की आवश्यकता कम हो गई है। ये ध्वनि से मुक्त एवं पर्यावरण के अनुरूप है। डीजल की बचत से वातावरण संरक्षण मे मदद मिल रही है।



भोपाल मंडल मे राजस्व की बचत एवं ऊर्जा संरक्षण की दृष्टि से 12 स्टेशन मे 30-70 प्रतिशत सर्किट के ऑटमैशन का कार्य किया गया है। जिससे प्लेटफॉर्म पर कोई ट्रेन नहीं होने की स्थिति मे 30 प्रतिशत लाइट चालू रहती है और ट्रेन आने के समय होम सिग्नल पार करने पर बाकी की 70 प्रतिशत लाइट चालू हो जाती है। इस प्रकार लगभग अनुमानित रुपये 13.00 लाख सालाना की बचत हो रही है। पिट लाइन में एलएचबी कोच को मेंटेन करने के लिए 750 किलोवाट की पावर सप्लाइ का इंतजाम किया है। भोपाल मंडल में 33/.750 किलोवाट का सबस्टेशन रानी कमलापति स्टेशन में बनाया गया है। पूर्व मे पिट लाइन में एलएचबी कोच को मेंटेन करने के लिए पावर कार मे डीजल जनरेटर को चलाकर पावर सप्लाइ ली जाती थी। इससे ना सिर्फ महंगे डीजल की बचत होगी, बल्कि वातावरण के लिए भी यह फायदेमंद है। इस प्रकार डीजल की बचत होने से लगभग 60 लाख रुपये प्रतिवर्ष की बचत होगी। गुना, विदिशा, सांची स्टेशन में बीएलडीसी फैन प्लेटफार्म एवं स्टेशन बिल्डिंग मे लगाए गए हैं। इन पंखों के इस्तेमाल से बिजली की खपत घटी है व साल में 1.90 लाख की बचत हो रही है। विदिशा स्टेशन प्लेटफॉर्म-1 पर सोलर वाटर कूलर इंस्टाल किया गया है। यह वाटर कूलर बिजली का उपयोग नहीं करते हैं। इनका पारंपरिक वाटर कूलर की तुलना में शून्य बिल और शून्य रखरखाव है।

# जबलपुर के दोनों ओर कटनी-इटारसी में ग्रेड सेपरेटर का निर्माण





**जबलपुर।** जबलपुर के दोनों और कटनी और इटारसी में ग्रेड सेपरेटर का निर्माण कार्य हो रहा है। इटारसी में नार्थ-साऊथ डाउन साइड ग्रेड सपरेटर का निर्माण किया जा रहा है इसकी लंबाई 12 किमी है। इस ग्रेड सेपरेटर में 3 मेजर ब्रिज, 26 माइनर ब्रिज, 9 आरयूबी (रोड अंडर ब्रिज) और 3 स्टेशन बिल्डिंग आदि का निर्माण कार्य किया जा रहा है इसके साथ ही इटारसी नार्थ-साउथ अप साइड ग्रेड सेपरेटर का कार्य भी चल रहा है। इसकी लंबाई 6 किमी है इस ग्रेड सेपरेटर में 4 मेजर ब्रिज, 41 माइनर ब्रिज, 7 आरयूबी (रोड अंडर ब्रिज) और 5 स्टेशन बिल्डिंग का निर्माण होना है। ये कार्य वर्ष 2023 तक पूरा करना है।

### कटनी में देश का सबसे लंबा 34.9 किमी लंबा ग्रेड सेपरेटर

जबलपुर मंडल कटनी में ग्रेड सेपरेटर का निर्माण किया जा रहा है। इसकी लंबाई 34.9 किमी है इसके साथ ही इसमें वॉयडक्ट (17.8 किमी), रिटेनिंग वॉल (3.2 किमी), अर्थवर्क (13.9 किमी) पर ग्रेड सेपरेटर का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

इस ग्रेड सेपरेटर में कुल 676 पियर्स/अब्यूटमेंट्स, 8 रेल ओवर ब्रिज (आरओआर), 6 मेजर ब्रिज निर्माण कार्य के साथ एलिवेटेड डेक पर पॉइंट्स और क्रोसिंग का भी कार्य किया जा रहा है इसी तरह डॉउन साइड में भी 2585 फाउंडेशन में से 2206 फाउंडेशन का निर्माण कर 85 प्रतिशत कार्य किया गया है। 412 पिलर्स में से 160 पिलर्स का निर्माण कर 39 प्रतिशत कार्य किया गया है ये कार्य वर्ष 2023-24 तक पूरा होना है। इसकी लागत 1250 करोड़ रुपए है।

### ग्रेड सेपरेटरों रेलवे को फायदा

रेलखण्ड के ट्रैक की क्षमता में वृद्धि होगी।
रेलखण्ड में मालगाड़ी ट्रेन के परिचालन में वृद्धि के साथ गति प्रदान करेगा।
माल यातायात में वृद्धि होने से फ्रेट ट्रेनों के समय मे बचत होगी साथ ही आवागमन में आसानी होगी।
पमरे के रेल राजस्व में भी वृद्धि होगी।
नई ट्रेन चलाना होगा सुगम होगा और परिचालन में सहुलियत होगी।

# आंगनबाडी के बच्चों के लिए खिलौने एकत्र करने का शुभारंभ



**सिहोरा।** सुपोषित मध्य प्रदेश की संकल्पना को साकार किए जाने के प्रयास को जन आंदोलन का स्वरूप देने आंगनवाड़ी सेवाओं की गतिविधियों में सामुदायिक सहभागिता बढ़ाते हुए समुदाय से आंगनवाड़ी केंद्र हेतु खिलौने पुस्तकें एवं अन्य सामग्री प्राप्त किए जाने की पहल किए जाने के फलस्वरूप आज सिहोरा विधायक नंदनी मरावी द्वारा जन सहयोग से खिलौना एकत्रित करने का शुभारंभ कर आंगनवाड़ी के बच्चों के लिए खिलौने प्रदाय किए गए यह अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा इससे प्राप्त किए गए खिलौने एवं पुस्तकों को आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के उपयोग हेतु दिया जाएगा। आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों का शाला पूर्व शिक्षा गुणवत्तापूर्ण किया जा सके एवं बच्चों की उपस्थिति आंगनवाड़ी में बढ़ाई जा सके इस अवसर पर परियोजना अधिकारी इंद्रकुमार साहू,अभिषेक परौहा मंडल अध्यक्ष, शिशिर पांडे, नीरज पांडे, सुषमा कर्चुली,ज्योति पटेल, सेक्टर पर्यवेक्षक स्वाति खरे, रुचि ,चंद्रावती तिवारी, संतोष मिश्रा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रजिया खान, सहावर खान, नर्मदा परस्ते, सुषमा कुशवाहा, ज्योति सतनाम, कंचन सेन, सविता पाठक, पूनम बंशकार, माया वंशकार आदि उपस्थित।

## कुंडम तहसीलदार प्रदीप कौरव को कुंडम मुख्यालय के 53 कोटवारों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया



**कुंडम** 25 मई आज से समस्त कोटवारों ने तहसील प्रांगण में दिया धरना उन्होंने कहा कि जब तक मध्य प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान हमारी मांगे पूरी नहीं करेंगे हम आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठेंगे और 2 जून को समस्त कोटवारों द्वारा भोपाल में कोटवार अधिकार यात्रा निकालेंगे और माननीय शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात करेंगे और अपनी बात रखेंगे नरेश दहिया बकरा जी ने बताया कि हमारी मांगे तीन है वेतन मान बढ़ाया जाए भत्ता प्रदान किया जाए और शासकीय भूमि पर खेती करने के लिए हमें जमीन की जाए यह हमारी मांग सरकार से है माननीय मुख्यमंत्री जी पूरी करें ताकि हमारा परिवार का पालन पोषण हो सके आज की महंगाई से हमारे वेतनमान पर खर्च नहीं चल पा रहा इस अवसर पर सिहोरा से आए मुख्य अतिथि अध्यक्ष मगनलाल दहिया सुनील दहिया एवं कुंडम तहसील के वरिष्ठ जाने-माने कोटवार नरेश दहिया ब घरा जी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया मंच का संचालन भी किया गया कुंडम तहसील के समस्त कोटवार ओंकार सिंह प्रधान दीनू यादव देवेंद्र प्रधान शेष भान उर्फ भोला जुगल किशोर अनिल श्याम रघुवीर सिंह शिव सिंह मुन्ना मी बसंत लाल आसाराम कुशराम चंदन छोटी बाई कुसुम बाई मीना बाई रत्नाबाई सुनीता बाई आसाराम कुशराम सुखचैन मरावी सहित कुंडम तहसील के 53 कोटवार और सिहोरा विधानसभा से आए समस्त कोटवार इस अनिश्चितकालीन हड़ताल पर शामिल रहे।

# मिशन अंकुर का पांच दिवसीय ब्लाक स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण

**सिहोरा**--निपुण भारत मिशन के अंतर्गत राज्य में प्राथमिक स्कूलों में मिशन अंकुर अभियान के तहत शिक्षकों को 5 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी तारतम्य में बुनियादी साक्षरता एवम संख्या ज्ञान विषय का सिहोरा विकासखंड के अंतर्गत संकुल केंद्र शास यशोदा बाई अग्र कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खितौला बाजार में प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अशोक उपाध्याय पहुंचे उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से रूबरू होकर नई शिक्षा नीति पर आधारित चल रहे महत्वपूर्ण प्रशिक्षण को पूर्ण मनोयोग के साथ ग्रहण करने की बात कही। प्रशिक्षण प्रभारी ब्रजेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रशिक्षण के दूसरे दिवस डीआरजी रामलखन तिवारी, शैलेंद्र चतुर्वेदी,श्रीमती सुधा उपाध्याय,रंजना तिवारी ने प्रशिक्षणार्थियों को कक्षा 1 व 2 के लिए बुनियादी शिक्षा एवम संख्या ज्ञान विषय में स्कूल रीडीनेस एवं उसके घटक साक्षरता विकास की गतिविधियां मौखिक भाषा विकास निपुण लक्ष्य, विषय वस्तु, पाठ योजना ट्रैकर, संख्या ज्ञान सीखने के सिद्धांत आवधिक आकलन करना बताया गया। डीआर जी श्रीमती सुधा उपाध्याय व रंजना तिवारी ने खेल खेल में शिक्षा की गीत के माध्यम से गतिविधियों को कराकर बच्चों को विषय की अवधारणा से जो ?कर प ?ना बताया। इस अवसर पर रामलखन तिवारी, शैलेन्द्र चतुर्वेदी, सुधा उपाध्याय, रंजना तिवारी , एपीसी जिला शिक्षा केंद्र घनश्याम बर्मन, बीआरसीसी सिहोरा पी एल रैदास, बीएसी प्रशिक्षण प्रभारी बृजेश श्रीवास्तव, अश्वनी उपाध्याय, मनीष विश्वकर्मा,राकेश पटेल, जन शिक्षा धीरेंद्र पांडे, योगेंद्र मिश्रा,के जी पाठक, धर्मशीला दुबे उपस्थित रहे।

# जिसका संसार से मित्रतापूर्ण व्यवहार वह सबसे बड़ा धनवान

**ग्वारीघाट में भागवत कथा में स्वामी अशोकानंद ने हरिनाम संकीर्तन का महत्व बताया**

**जबलपुर,** । जितना समय सत्संग हरिनाम संकीर्तन में लगता वह समय ही जीवन में सदुपयोगी है। मित्र ही आपसी सहयोग से मित्रो के सुख-दुख बाटते हैं। मित्रता से बड़ा कोई धन नहीं होता, जिसका संसार से मित्रतापूर्ण व्यवहार वह सबसे बड़ा धनवान है। श्रीकृष्ण श्रीहरि का प्रेमावतार है, जिसको दर्शन हो जाते हैं माया-मोह-ममता लोभ सब छूट जाता है और व्दारकाधीश के दीवाने हो जाते हैं। उक्ताशय के उद्गार स्वामी अशोकानंद ने व्यक्त किए ग्वारीघाट में चल रही भागवत कथा में उन्होंने कहा कि दैनिक दिनचर्या में माता-पिता, गुरू पूजन के साथ नित्य हरिनाम स्मरण और दान करने से सभी भौतिक दुख समाप्त हो जाते हैं। जब दान देने की प्रवृति होगी तो राष्ट्र निर्माण के लिए प्राणोत्सर्ग भी कर पाएंगे नहीं तो सिर्फ स्वयं के सुख की चिंता करेंगें।श्रीमद्भागवत महापुराण महोत्सव मेंविराम दिवस पर श्री कृष्ण सुदामा चरित्र, पूर्णाहुति, भंडारा संपन्न् हुआ। सप्तम दिवस श्रीमद्भागवत महापुराण पोथी पूजन, श्रीव्यास पीठ पूजन, हवन पूर्णाहुति की गई।भगवान के संगीत मय भजनों को सुनकर सभी श्रृध्दालु भाव विभोर हो गए। इस अवसर पर स्वामी विश्वक सेनाचार्य जी , वेदांत शर्मा, आचार्यरामफल शास्त्री, रामदास पाटिल, जगदीश दीवान, करिश्मा शर्मा, बेबी बाई पाटिल , प्रीति सचिन पाटिल, स्पंदन, स्पृहा , डा. राकेश, डा. भूषन पाटिल आदि उपस्थित रहे।

## अज्ञात युवक की ट्रेन से कटकर मौत

*जबलपुर, यशभारत। बरौनी रेलवे स्टेशन के सिग्नल के पास एक अज्ञात 30 वर्षीय मजदूर की ट्रेन से कटकर मौत हो गई उक्त घटना की जानकारी चलते ही मदन महल जीआरपी चौकी प्रभारी राजेश राज हमरा स्टाफ के साथ पहुंचे और प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर पड़ताल शुरू कर दी है। मदन महल जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह जीआरपी को सूचना प्राप्त हुई थी एक अज्ञात 30 वर्षीय युवक जो काले रंग की पेंट कत्था कलर की बनियान एवं गले में काले धागे में ताबीज पहने हुए हैं सुबह रेल पटरी पार कर रहा था जो किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई जीआरपी द्वारा यह पता किया जा रहा है कि मृतक कहां का रहने वाला है इस घटना की सूचना जीआरपी द्वारा आसपास के ग्रामीणों को भी दी गई है किंतु मृतक की पहचान नहीं हो सकी जीआरपी ने मर्ग कायम कर घटना की पड़ताल शुरू कर दी है।*

# इंद्राना पुलिस चौकी में पुलिस का जनचेतना शिविर आयोजित

**जबलपुर यश भारत।** एससी एसटी में बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस मुख्यालय के निर्देशन पर जिसमें तहत अब जन चेतना शिविरों में बढ़ोतरी करने के साथ ही इंटेलिजेंस को भी मजबूत करने के उद्देश्य बढ़ते अपराधों पर पूरी तरह से अंकुश लगाने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जनचेतना शिविर का आयोजन थाना एवं पुलिस चौकी में किया जा रहा है जिसके चलते जिले की मझौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत इंद्राना पुलिस चौकी मैं उक्त शिविर का आयोजन किया गया जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शिवेश सिंह बघेल . सिहोरा एसडीओपी भावना मरावी एवं एसटीएस थाने से श्री धुर्वे के साथ मझौली थाना प्रभारी एवं इंद्राना पुलिस चौकी प्रभारी उपस्थित रहे




इस अवसर पर इंद्राना पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सैकड़ों नागरिक शिविर में उपस्थित थे/ उक्त जनचेतना शिविर में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में जनचेतना शिविर का आयोजन किया जा रहा है शिविर में मौजूद ग्रामीणों को समझाते हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले जमीनी एवं छोटे-मोटे मामलों को सामाजिक स्तर पर बैठकर ही उसका हल करें ऐसा करने से अपराधों पर अंकुश लगेगा जनचेतना शिविर में ग्रामीणों को अन्य जानकारियां भी देखा उनको बढ़ते अपराधों के रोकथाम संबंध में जागरूक किया गया/

# पी.एम. स्वनिधि योजना के अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभांवित करने का संकल्प

**प्रभारी निगमायुक्त द्वारा योजना की साप्ताहिक समीक्षा बैठक**

**जबलपुर।** शासन द्वारा नए वित्तीय वर्ष में पी.एम. स्वनिधि योजना के अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभांवित करने के लिए नए सिरे से नगर निगमों को लक्ष्य दिये गए हैं। जिसमें नगर निगम जबलपुर को भी 15 हजार हितग्राहियों को व्यापार करने तथा स्वाबलंवी बनाने 10 हजार रूपये का ऋण स्वीकृत कराकर लाभांवित करने का लक्ष्या दिया गया है। इसी प्रकार 20 हजार रूपये का ऋण स्वीकृत कराकर हितग्राहियों को लाभ पहुॅंचाने के लिए 10 हजार 6 सौ 83 हितग्राहियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसको गति प्रदान करने तथा लक्ष्य की प्राप्ति शीघ्र कर शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप हितग्राहियों को लाभांवित करने के संबंध में आज प्रभारी निगमायुक्त महेश कुमार कोरी के द्वारा समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में उपायुक्त श्रीमती अंजू सिंह ठाकुर, सिटी मिशन मैनेजर्स, सामुदायिक संगठक तथा शासकीय योजना विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।बैठक में प्रभारी निगमायुक्त द्वारा संभाग स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करने और शिविर लगाकर अधिक से अधिक हितग्राहियों को योजना से संबंधित जानकारियॉं देने के निर्देश दिये। उन्होंने दूरभाष पर बैठक के दौरान सभी संभागीय अधिकारियों को भी व्यक्तिगत रूप से रूचि लेने और अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभांवित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि संभागीय अधिकारी, सिटी मिशन मैनेजर्स, और सामुदायिक संगठक प्रतिदिन बैंकों के पदाधिकारियों से सम्पर्क स्थापित कर अधिक से अधिक प्रकरण स्वीकृत एवं डिस्वर्स्ड के लिए भेजेंगें। प्रभारी निगमायुक्त महेश कुमार कोरी एवं उपायुक्त श्रीमती अंजू सिंह ठाकुर ने संभागीय अधिकारियों के साथ-साथ राष्टीय शहरी आजीविका मिशन एवं शासकीय योजना में कार्यरत सभी सिटी मिशन मैनेजरों, सामुदायिक संगठकों, भी संभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर मेहनत के साथ काम करने और बैंकों से सम्पर्क कर अधिक से अधिक हितग्राहियों को ऋण स्वीकृत कराने के कार्यो में सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिये प्रभारी निगमायुक्त श्री कोरी के द्वारा शहर के सभी बैंक पदाधिकारियों से भी आग्रह किया गया है कि शासन द्वारा जारी निर्देशों एवं उनके द्वारा आवंटित लक्ष्यों के अनुरूप हितग्राहियों को लाभांवित करने की दिशा में साकारात्मक सहयोग प्रदान करते हुए अधिक से अधिक हितग्राहियों का ऋण स्वीकृत करने के अलावा डिस्वर्स्ड करने की कार्रवाई तेजी से कराएँ ताकि निर्धारित समय सीमा में लक्ष्यों की पूर्ति की जाकर शासन को जानकारी भेजी जा सके और पात्र हितग्राहियों को लाभांवित किया जा सके।

# पश्चिम बंगाल का अधेड़ जबलपुर स्टेशन में मिला

**आरपीएफ ने परिजनों को सूचना देने के बाद किया सुपुर्द**




**जबलपुर यश भारत।** पश्चिम बंगाल का रहने वाला एक अधेड़ किसी ट्रेन में सवार होकर जबलपुर पहुंचा जहां पर आरपीएफ द्वारा उससे पूछताछ की गई और उसे सुरक्षा की दृष्टि से आरपीएफ पोस्ट लाकर परिजनों को सूचना दी गई जिसके बाद अधेड़ उसके परिचितों के सुपुर्द कर दिया गया इस संबंध में आरपीएफ से मिली जानकारी के अनुसार हेल्पलाइन 139 द्वारा रेल सुरक्षा बल पोस्ट को फोटो/परिचय पत्र भेज कर मैसेज के माध्यम से नोट कराया गया था कि एक व्यक्ति गुमशुदा है मिलने पर जानकारी से अवगत कराएं। उक्त व्यक्ति को जबलपुर स्टेशन पर तलाश करने पर फोटो से मिलता जुलता व्यक्ति प्रधान आरक्षक युगल किशोर पांडे को प्लेटफार्म नंबर 6 पर बैठा हुआ मिला फोटो से मिलान करने पर उसकी शक्ल मिलती-जुलती प्रतीत हुई जिसे आरपीएफ पोस्ट जबलपुर पर लेकर आए पूछताछ करने पर अपना नाम ज्वाज्योति दास पिता हिरेंद्रनाथ दास उम्र 54 वर्ष मूर्त बिलहरी नॉर्थ 24 परगना वेस्ट बंगाल -56 के रहने वाला बताया। बाद उसके द्वारा बताए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर उसकी पत्नी नाम कोहेली दास पता म. नंबर 22 / मिदया रोड कोलकाता 56 पश्चिम बंगाल बताया । तथा बताया कि मैं एक व्यक्ति/ परीचित को भेज रही हो जिसका नाम विनय मरकाम पुत्र दुर्गा सिंह मरकाम उम्र 24 वर्ष निवासी सिविल लाइन वार्ड क्रमांक 3 डिंडोरी जिला डिंडोरी मध्य प्रदेश है। उक्त व्यक्ति आरपीएफ थाना जबलपुर में उपस्थित हुआ एवं गुमशुदा व्यक्ति को पहचाना इस संबंध में उनकी पत्नी से भी संपर्क करवाया बाद समक्ष गवाहान उक्त व्यक्ति को सही हालत मैं सुपुर्द किया गया।

# 11 करोड़ 14 लाख 66 हजार रुपए की राशि से छपरा करौंदी बालक बालिका छात्रावास का हुआ लोकार्पण



**कुंडम।** कुंडम से 5 किलोमीटर दूर मॉडल स्कूल छपरा जिसे प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान ने सी एम राइस स्कूल बनाया गया है उस में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को सर्व सुविधा नए हॉस्टल का निर्माण कराया गया है जिसकी लागत राशि 11 करोड़ 14 लाख 66 हजार है जिसका शुभारंभ सिहोरा कुंडम की विधायक नंदनी मरावी प्रतिनिधि कमलेश साहू इनके हाथों से पूजन पाठ कर फीता काटा गया बताया गया कि 100 सीटर का एक हॉस्टल है एक कमरे में 4 लोगों की रहने की व्यवस्था है दूसरा हॉस्टल भी 100 सीटर का बनाया गया है उसमें भी एक कमरे में 4 लोगों की रहने की व्यवस्था है तीसरा 50 सीटर बालक छात्रावास भवन निर्माण कार्य कराया गया है विधायक ने बताया कि हमारे आदिवासी बहुल क्षेत्र के बच्चे बच्चियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो और अच्छे से रह कर अच्छी पढ़ाई कर सकें इसी बीच प्राइमरी और माध्यमिक शालाओं के छात्र-छात्राओं को 10 किलो 15 किलो मूंग बांटी गई एवं शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिनिधि कमलेश साहू एसडीओ विजय केसरवानी एपी राम सिंह रघुवंशी ठेकेदार विनय जैन डीईओ घनश्याम सोनी मॉडल स्कूल के प्राचार्य के पालीवाल कुंडम बी ई ओ पीएस मरावी रवि झारिया सेल्समैन चंद्र प्रकाश झारिया छपरा करौंदी के ग्राम पंचायत सरपंच सचिव लोटन सिंह एवं समस्त ग्राम के लोग और छात्र-छात्राएं नन्हे मुन्ने बच्चे माताएं बहने उपस्थित थे।



## मुनि सुव्रतनाथ का महामस्तकाभिषेक

**जबलपुर ।** मुनिश्री सुधासागर महाराज की मंगल अगवानी वर्णी दिगंबर जैन गुरुकुल मढ़िया में हुई। हजारों श्रद्धालुओं ने मुनिश्री की आरती उतारी एवं पाद प्रक्षालन किया। इसके बाद मुनिश्री के सान्निध्य में भगवान मुनि श्रीसुव्रतनाथ की 11 फीट ऊँची पद्मासन प्रतिमा का 1008 कलशों से अभिषेक शांतिधारा हुई। इसके बाद मुनिश्री ने प्रवचन दिए। आहार चर्या का सौभाग्य जिनेश भैया एवं संजय कश्मीर को प्राप्त हुआ। प्रवचन के दौरान विधायक विनय सक्सेना, जगत बहादुर अन्नू सहित अन्य मौजूद रहे। जिज्ञासा समाधान में मुनिश्री ने श्रावकों के प्रश्नों के उत्तर दिए। अतिथियों का स्वागत राजकुमार जैन, प्रकाश पटेल, कमल दानी, शैलेष आदि ने किया। जिनेश भैया, महेश भैया, नरेश भैया, रविन्द्र भैया आदि ने अनुष्ठान संपन्न कराए।

## अमानक पॉलीथिन विक्रय करने वाले 11 दुकानदारों के कटे चालान

**जबलपुर।** प्रभारी आयुक्त महेश कुमार कोरी के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज दिनांक 25 मई 2022 को संभाग क्रमांक 3 रामपुर के अंतर्गत ग्वारीघाट के मुख्य घाट, सिध्द घाट, पर पूजन प्रसाद की दुकान लगाने वालों द्वारा अमानक प्रकार की पॉलीथिन, थर्माकोल, शेम्पू-तेल के पाउच का विक्रय करते पाए जाने पर 11 दुकानदारों के विरूद्ध चालानी कार्रवाई कर 2 हजार रूपये का जुर्माना वसूल किया गया। कार्रवाई के समय संभाग क्रमांक 3 रामपुर के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक मोनिका तुमराम के साथ सुपरवाइजर सामियल, राजा, अर्चना, राज, महेंद्र विष्णु, गगन, सहायक सुपरवाइजर, आदि उपस्थित रहे।

## फिल्म अभिनेता-निर्माता संजय सिंह की बहन की शादी के सिल्वर जुबली समारोह पर पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा और पूर्व मंत्री मुकेश सहनी



**एजेंसी।** बिहार की धरती से जुडे बॉलीवुड के चर्चित अभिनेता और फिल्म मेकर संजय सिंह की बहन बबिता और बहनोई सुबोध जी को उनकी शादी की 25वीं सालगिरह यानि सिल्वर जुबली पर पटना में पिछले दिनों आयोजित संगीतमय कार्यक्रम में शामिल हो कर जदयू के राष्ट्रीय संसदीय बोर्ड के चेयरमैन सह पूर्व केन्द्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा और बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह विकासशील इंसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सहनी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में स्पाइस जेट पटना के मैनेजर अमित झा, सुप्रीम कोर्ट के वकील अंशुल, हाई कोर्ट के वकील अरुण कुमार, एक्टर राहुल श्रीवास्तव, कैमरा मैन अमरीश सिंह, सुनील सिंह मौजूद रहे, वहीं, बिहार सरकार के मंत्री नितिन नवीन, सांसद जनार्दन सिंह सिग्रिवाली, विधान पार्षद और भाजपा के संजय मयूख ने अभिनेता व निर्माता संजय सिंह की बहन बबिता को फोन कर उनकी शादी के 25वीं सालगिरह के लिए बधाई दी। इस संगीतमय कार्यक्रम में भोजपुरी कमेडियन अभिनेता राहुल श्रीवास्तव ने मेलोडियस गाने पर उनके लिए शानदार परफॉरमेंस दिया। विदित हो कि अभिनेता संजय सिंह 90 के दशक से ही बॉलीवुड में सक्रिय है और अपनी प्रतिभा के बदौलत अपनी विशिष्ट छवि कायम कर चुके हैं।

# लखनऊ ने चुकाई कैच छोड़ने की कीमत

आईपीएल 2022 के पहले और एकमात्र एलिमिनेटर में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) को रोमांचक मुकाबले में 14 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बैंगलोर ने 20 ओवर में चार विकेट गंवाकर 207 रन बनाए। जवाब में लखनऊ की टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 193 रन ही बना सकी।

लखनऊ ने मैच में कई कैच छोड़े और इसकी कीमत ही टीम को चुकानी पड़ी। लखनऊ की टीम ने कुल मिलाकर तीन कैच छोड़े। इसमें तीन रजत पाटीदार के दो और एक दिनेश कार्तिक का कैच छूटा। बैंगलोर की टीम को रजत पाटीदार के रूप में नया स्टार भी मिला। पाटीदार ने प्लेऑफ जैसे अहम मैच में शतक जड़ा। उन्होंने 54 गेंदों पर 12 चौके और सात छक्के की मदद से 112 रन की पारी खेली।

### मैच के टर्निंग प्वाइंट्स

1. पहले ही ओवर में डुप्लेसिस आउट- बैंगलोर के कप्तान फाफ डुप्लेसिस पहले ही ओवर में आउट हो गए। उन्हें मोहसिन खान ने पहले ओवर की पांचवीं गेंद पर विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक के हाथों कैच कराया। डुप्लेसिस इस सीजन दूसरी बार गोल्डन डक का शिकार हुए और दोनों बार उन्हें बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने पवेलियन भेजा है। पिछली बार डुप्लेसिस गुजरात टाइटंस के खिलाफ प्रदीप सांगवान की गेंद पर विकेटकीपर साहा को कैच थमा बैठे थे। उनके आउट होते ही लगा कि बैंगलोर की पारी जल्दी सिमट जाएगी।

2. पाटीदार और कोहली की साझेदारी- पहला विकेट गिरने के बाद विराट कोहली ने रजत पाटीदार के साथ मिलकर 46 गेंदों पर 66 रन की साझेदारी निभाई। दोनों ने मिलकर पारी संभाली। कोहली 24 गेंदों पर 25 रन बनाकर आउट हुए। ग्लेन मैक्सवेल नौ रन और महिपाल लोमरोर 14 रन बनाकर आउट हुए और कुछ खास नहीं कर सके।

### मोहसिन खान ने डुप्लेसिस को पवेलियन भेजा

3. लखनऊ के खिलाड़ियों ने तीन कैच छोड़ा- लखनऊ की टीम ने तीन कैच छोड़े। सबसे पहले 14.5 ओवर में मोहसिन खान की गेंद पर केएल राहुल ने दिनेश कार्तिक का आसान कैच छोड़ा। तब कार्तिक दो रन पर थे। इसके बाद 15.3 ओवर में रवि बिश्नोई की गेंद पर दीपक हुड्डा ने रजत पाटीदार का आसान कैच छोड़ा। तब रजत 72 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे। वहीं, 17.3 ओवर में मोहसिन खान की गेंद पर रजत का कैच छूटा। उनका कैच मनन वोहरा ने छोड़ा। तब रजत 93 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे।

4. दिनेश कार्तिक की तूफानी पारी- दिनेश कार्तिक ने एक बार फिर शानदार पारी खेली। उन्होंने 23 गेंदों पर पांच चौके और एक छक्के की मदद से 37 रन बनाए और नाबाद रहे। कार्तिक ने पाटीदार के साथ मिलकर 41 गेंदों पर नाबाद 92 रन की साझेदारी निभाई। बैंगलोर ने आखिरी पांच ओवर में 84 रन बनाए और एक भी विकेट नहीं गंवाया।

### रजत पाटीदार और दिनेश कार्तिक

5. रजत पाटीदार का शानदार शतक- रजत पाटीदार ने अकेले दम पर बैंगलोर को 207 के स्कोर तक पहुंचाया। रजत ने 54 गेंदों पर 112 रन की पारी खेली। बैंगलोर के लिए इस सीजन वह एक रिप्लेसमेंट के तौर पर जुड़े थे। उन्हें लवनीत सिसोदिया की जगह टीम में शामिल किया गया था। ऑक्शन में रजत को किसी टीम ने नहीं खरीदा था। अब उन्होंने शतक लगाकर खुद की अहमियत साबित की।




6. राहुल और हुड्डा की साझेदारी- 41 रन पर लखनऊ की टीम ने दो विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद केएल राहुल और दीपक हुड्डा ने 96 रन की साझेदारी निभाई और लखनऊ को जीत के करीब ले गए। दीपक हुड्डा 26 गेंदों पर एक चौका और चार छक्के की मदद से 45 रन बनाकर आउट हुए।

### जोश हेजलवुड

7. हेजलवुड का 19वां ओवर- लखनऊ को आखिरी दो ओवर में 33 रन की जरूरत थी। तब एविन लुईस और केएल राहुल क्रीज पर थे। 19वें ओवर में जोश हेजलवुड गेंदबाजी के लिए आए और उन्होंने राहुल और क्रुणाल पांड्या को लगातार दो गेंदों पर पवेलियन भेजा। राहुल 58 गेंदों पर तीन चौके और पांच छक्के की मदद से 79 रन बनाकर आउट हुए। राहुल की पारी बेकार गई। वहीं, क्रुणाल शून्य पर पवेलियन लौटे। इस ओवर में हेजलवुड ने दो विकेट लेने के साथ-साथ सिर्फ नौ रन दिए और यहीं से मैच बैंगलोर की पकड़ में आ गया। आखिरी ओवर में 24 रन चाहिए थे और लखनऊ की टीम नौ ही रन बना सकी।

### दोनों कप्तानों का प्रदर्शन

बैंगलोर के कप्तान फाफ डुप्लेसिस कुछ खास नहीं कर सके और शून्य पर आउट हुए। हालांकि, उन्होंने गेंदबाजी में अच्छे बदलाव किए। उन्होंने टीम में एक बदलाव किया और सिराज को प्लेइंग-11 में लेकर आए। सिराज ने पहले ही ओवर में क्विंटन डिकॉक को पवेलियन भेजा। वहीं, हसरंगा ने दीपक हुड्डा को पवेलियन भेज महत्वपूर्ण सफलता दिलाई। हर्षल पटेल को डुप्लेलिस ने डेथ ओवर्स के लिए बचा कर रखा और हर्षल ने 18वें ओवर में मार्कस स्टोइनिस को पवेलियन भेजा ाा,

## आरसीबी को मिला नया स्टार



# लखनऊ सुपर जाएंट्स का सफर समाप्त

## दूसरे क्वॉलिफायर में राजस्थान से भिड़ेगी बैंगलोर

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ 14 रन से जीत हासिल की। बैंगलोर की टीम ने 207 रन के स्कोर को सफलतापूर्वक बचाव किया और लखनऊ के बल्लेबाजों को 193 रन पर ही रोक दिया। फाफ डुप्लेसी की अगुआई वाली आरसीबी अब दूसरे क्वॉलिफायर में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी। वहीं लखनऊ की टीम हार के साथ ही टूर्नामेंट से बाहर हो गई है।

### बैंगलोर ने लखनऊ को 14 रन से हराया

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ 14 रन से जीत हासिल की। बैंगलोर की टीम ने 207 रन के स्कोर को सफलतापूर्वक बचाव किया और लखनऊ के बल्लेबाजों को 193 रन पर ही रोक दिया। फाफ डुप्लेसी की अगुआई वाली आरसीबी अब दूसरे क्वॉलिफायर में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी। वहीं लखनऊ की टीम हार के साथ ही टूर्नामेंट से बाहर हो गई है। बैंगलोर की तरफ से रजत पाटीदार ने सर्वाधिक 112 रन बनाए और नाबाद रहे जबकि जोस हेजलवुड ने तीन विकेट झटके। इनके अलावा दिनेश कार्तिक और हर्षल पटेल ने भी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। आखिरी छह गेंदों का खेल बाकी लखनऊ को जीत के लिए छह गेंदों में 24 रन की जरूरत है। एविन लुईस क्रीज पर हैं।

# फाइनल में पहुंचने पर हार्दिक पांड्या ने बेटे के साथ शेयर किया फोटो



### अपने खिलाड़ियों की तारीफ में कही ये बात


गुजरात टाइटंस की टीम आईपीएल 2022 के फाइनल में पहुंच चुकी है। डेविड मिलर ने शानदार पारी खेलते हुए 20वें ओवर में लगातार तीन छक्के लगाकर जीत दिलाई। इस तरह गुजरात इस सीजन फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी। गुजरात को अपने पहले ही सीजन में फाइनल में पहुंचाने के बाद कप्तान हार्दिक पांड्या बेहद खुश दिखे। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा- आईपीएल फाइनल में पहुंचने का एहसास।

इस सीजन खुद कप्तान हार्दिक भी शानदार फॉर्म में दिखे हैं। क्वालिफायर-1 में भी उन्होंने 27 गेंदों पर 40 रन की नाबाद पारी खेली। इस सीजन हार्दिक अब तक 15 मैचों में 453 रन बना चुके हैं। इसके अलावा वह सात विकेट भी ले चुके हैं। क्वालिफायर-1 जीतने के बाद हार्दिक ने कहा- मैंने अपने जीवन में चीजों को संतुलित करना शुरू कर दिया है। यह पिछले कुछ वर्षों से निरंतर प्रयास रहा है।

हार्दिक ने कहा- अंत में मेरा परिवार, मेरा बेटा, मेरी पत्नी और मेरे भाई ने भी मेरी सफलता में एक बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने मुझे जीवन में तटस्थ रहने की अनुमति दी। मैं घर पहुंचने और परिवार के साथ कुछ समय बिताने के लिए उत्सुक रहता हूं। इसने मुझे एक बेहतर क्रिकेटर भी बनाया है। पांड्या ने कहा कि उनकी टीम फाइनल में पहुंच चुकी है, इसे स्वीकार करने में कुछ समय लगेगा।

ड्रेसिंग रूम के माहौल को लेकर हार्दिक ने कहा- टीम में मौजूद सभी 23 खिलाड़ी अलग-अलग किरदार वाले हैं। सभी का अंदाज अलग है और वह टीम को अपने अलग-अलग प्रतिभाओं से मैच जिताते हैं। मैं मिलर से भी कह रहा था कि अगर आपके आस-पास अच्छे लोग हैं, तो आपके आसपास के परिणाम भी सकारात्मक होते हैं। हमारी भी यही कहानी रही है। हमारे पास जिस तरह के खिलाड़ी हैं, सही मायने में वह वास्तविकता में विश्वास रखने वाले लोग हैं। हार्दिक ने कहा- मैं देखता हूं कि जो खिलाड़ी मैच नहीं खेल रहे हैं और डगआउट में मौजूद हैं, वह भी कोशिश कर रहे हैं और प्रार्थना कर रहे हैं कि वे अच्छा प्रदर्शन करें। यह एक शानदार एहसास है और यही कारण है कि हम फाइनल में पहुंचे हैं। इससे यह दिखता है कि हम इस खेल का सम्मान कर रहे हैं। हार्दिक ने साथ ही उपकप्तान राशिद खान की भी तारीफ की। हार्दिक ने कहा कि राशिद ने अब तक पूरे सीजन में शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं, गुजरात को कम से कम चार मैच जिता चुके डेविड मिलर की भी हार्दिक ने तारीफ की। हार्दिक ने कहा-मुझे मिलर पर गर्व है। जिस तरह से हमने खेला है। जहां भी टीम को मेरी जरूरत होती है, मैं वहां खेलता हूं। मैंने अभी तक यह डिमांड नहीं किया कि मुझे उस खास पोजिशन पर बैटिंग करने दो।

# असल जिंदगी में करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं 'जेठालाल'



### एक एपिसोड के लेते हैं लाखों रुपये

%तारक मेहता का उल्टा चश्मा% एक ऐसा शो है, जो कई सालों से दर्शकों का दिल जीत रहा है। इस शो में जेठालाल का किरदार निभाने वाले दिलीप जोशी किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपने अभिनय के बल पर दर्शकों के दिल में एक खास जगह बना ली है। यूं तो दिलीप 12 साल की उम्र से ही एक्टिंग की दुनिया में कदम रख चुके थे और कई फिल्मों में भी काम किया, लेकिन उनकी किस्मत इस शो से चमकी। इस शो ने उन्हें फर्श से अर्श पर लाकर बैठा दिया। आज दिलीप जोशी अपना 54वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर चलिए आपको बताते हैं उनकी कमाई के बारे में। दिलीप जोशी ने एक बैकस्टेज आर्टिस्ट के तौर पर 50 रुपये की कमाई के साथ अपने करियर की शुरुआत की थी। वहीं, अब वह %तारक मेहता का उल्टा चश्मा% में सबसे ज्यादा फीस लेने वाले एक्टर हैं। रिपोर्ट की मानें तो वह एक एपिसोड की लगभग डेढ़ लाख से दो लाख रुपये फीस लेते हैं और महीने में 25 दिन काम करते हैं। पोरबंदर गुजरात में जन्मे दिलीप जोशी एक लग्जुरियस लाइफ जीते हैं। उनके परिवार में पत्नी जयमाला जोशी, बेटा रित्विक और बेटी नियति हैं। मुंबई में उनका खुद आलीशान घर है। वहीं, उनके कार कलेक्शन की बात करें तो उनके पास ऑडी क्7 और इनोवा है।

### साल भर करते हैं करोड़ों की कमाई

दिलीप जोशी टीवी सीरियल के अलावा विज्ञापन, ब्रांड प्रमोशन और सोशल मीडिया के जरिए भी अच्छी कमाई करते हैं। वह साल भर में विज्ञापन और शो से लगभग चार से पांच करोड़ की कमाई कर लेते हैं। वहीं, उनकी कुल संपत्ति लगभग 45 करोड़ रुपये है।

## रन चेज में लखनऊ फिर चारों खाने चित



पिछले 11 मैचों में लखनऊ के रिकॉर्ड

| बल्लेबाजी | मैच | नतीजा |
|---|---|---|
| पहले | 06 | सभी जीते |
| बाद में | 05 | सभी हारे |

फोटो क्रेडिट: IPL/BCCI

# लखनऊ के खिलाफ शतक लगाने वाले रजत पाटीदार?



### नीलामी में नहीं मिला था कोई खरीदार

12 और 13 फरवरी 2022 को आईपीएल नीलामी में सैंकड़ों खिलाड़ियों पर किसी टीम ने बोली नहीं लगाई। उनमें एक रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के पूर्व बल्लेबाज रजत पाटीदार भी थे। पाटीदार को 2021 में बेहतरीन प्रदर्शन के बावजूद किसी भी टीम ने दो दिनों तक चले नीलामी में नहीं खरीदा था। 26 मार्च को आईपीएल के 15वें सीजन की शुरुआत हुई। तीन अप्रैल को आरसीबी ने टीम में एक बदलाव किया। कर्नाटक के बल्लेबाज लवनिथ सिसोदिया की जगह रजत पाटीदार को अपने दल में शामिल किया। आरसीबी ने आधे से ज्यादा सीजन में तीसरे नंबर पर लगातार प्रयोग किए। 26 अप्रैल को टीम प्रबंधन ने रजत पाटीदार को सीजन में पहली बार खेलने का मौका दिया। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 16 रन बनाए। उसके बाद गुजरात टाइटंस के खिलाफ एक अर्धशतक लगाया। अब सीजन में अपने सातवें मैच में पाटीदार ने धमाकेदार शतक लगा दिया। उनका शतक ऐसे समय में आया जब आरसीबी की टीम को इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी।

रजत का जन्म एक जून 1993 को मध्य प्रदेश के इंदौर में हुआ था। आठ साल की उम्र में उन्होंने क्लब क्रिकेट खेलना शुरू किया था। रजत के दादा ने उन्हें क्रिकेट एकेडमी में भर्ती कराया था। एक गेंदबाज के तौर पर क्रिकेट शुरू करने वाले रजत अंडर-15 के दिनों में बल्लेबाज बन गए। कोच ने उन्हें बल्लेबाजी करने की सलाह दी। यह फैसला सही साबित हुआ। सचिन तेंदुलकर को देखकर क्रिकेट शुरू करने वाले रजत को फुटबॉल भी पसंद है। रजत ने 2015-16 सीजन में रणजी ट्रॉफी में डेब्यू किया था। आठ जनवरी 2018 को उन्होंने जोनल टी20 लीग में मध्य प्रदेश के लिए पहला टी20 मैच खेला था। 2018-19 सीजन में रजत ने मध्य प्रदेश के लिए रणजी में सबसे ज्यादा रन बनाए थे। तब उन्होंने आठ मुकाबलों में 714 रन बनाए थे। अगस्त 2019 में उन्हें इंडिया ब्लू की टीम में दलीप ट्रॉफी के लिए शामिल किया गया। फरवरी 2021 में आरसीबी ने उन्हें पहली बार खरीदा और नौ अप्रैल 2021 को मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल में डेब्यू करने का मौका मिला।

बुधवार (25 मई) को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में लखनऊ सुपर जाएंट्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। कप्तान फाफ डुप्लेसिस पहले ही ओवर में आउट हो गए। उनके बाद क्रीज पर रजत पाटीदार आए। उन्होंने अंत तक बल्लेबाजी की। उनके सामने विराट कोहली और ग्लेन मैक्सवेल जैसे बल्लेबाज क्रीज पर आए और आउट होकर चले गए। पाटीदार ने टीम की बल्लेबाजी को एक छोर से संभाले रखा और शतक ठोक दिया। आईपीएल के प्लेऑफ मैच में किसी अनकैप्ड भारतीय (जिसने एक भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) का पहला शतक है।

रजत ने 54 गेंदों पर 112 रन की नाबाद पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 12 चौके और सात छक्के लगाए। उनका स्ट्राइक रेट 207.41 का रहा। पाटीदार ने आखिरी ओवरों में दिनेश कार्तिक के साथ मिलकर धूम-धड़ाका किया। दोनों ने मिलकर 41 गेंदों पर 92 रनों की साझेदारी कर दी। पाटीदार आईपीएल में शतक लगाने वाले चौथे अनकैप्ड खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले पॉल वाल्थाटी, मनीष पांडे और देवदत्त पडिक्कल ने ऐसा किया था।

# कोहली भईया कुछ नहीं कहते ऐसे...

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा इंडस्ट्री की उन अभिनेत्रियों में से हैं जो अपनी पर्सनल लाइफ और प्रोफेशनल लाइफ में बैलेंस करना अच्छे से जानती हैं। अपने काम के साथ अनुष्का सोशल मीडिया पर फैंस के साथ भी जुड़ी रहती हैं। वहीं फैंस भी अनुष्का के लेटेस्ट अपडेट्स का बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं। इसी बीच एक बार फिर से अनुष्का अपने लेटेस्ट बोल्ड लुक को लेकर काफी चर्चा में आ गई हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस के बोल्ड लुक को देख फैंस दीवाने हो रहे हैं।



एक यूजर ने अनुष्का की तस्वीरों पर कमेंट करते हुए लिखा, ब्लैक आपको और अट्रैक्टिव बना रहा है। तो वहीं एक ने लिखा, भईया कुछ नहीं कहते ऐसे ड्रेस पहनने पे।अनुष्का शर्मा का हालिया बोल्ड लुक सोशल मीडिया पर चर्चा में बना हुआ है। दरअसल, अनुष्का कल यानी 25 मई को करण जौहर की बर्थडे पार्टी में नजर आईं। उनका ये लुक उसी दौरान का है। इन तस्वीरों में अनुष्का शर्मा ब्लैक आउटफिट में कहर ढाह रही हैं। अनुष्का शर्मा के इन तस्वीरों पर कमेंट कर फैंस उनकी तारीफे करते दिख रहे हैं। इस पर कमेंट कर एक फैन ने कमेंट किया, 'अनुष्का ब्यूटीफुल शर्मा' तो दूसरे ने लिखा 'बॉस बेब'। वहीं कई उनके इस लुक को WOW बता रहा है। एक यूजर ने अनुष्का की तस्वीरों पर कमेंट करते हुए लिखा, ब्लैक आपको और अट्रैक्टिव बना रहा है। तो वहीं एक ने लिखा, भईया कुछ नहीं कहते ऐसे ड्रेस पहनने पे।

# शेफाली जरीवाला ने बिकिनी पहन स्विमिंग पूल में दिया कातिलाना पोज

### एक बार फिर बढ़ाया इंटरनेट का पारा



नई दिल्ली। कांटा लगा गाने से मशहूर हुई अभिनेत्री शेफाली जरीवाला सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव नजर आती हैं। वह अपने फैंस से जुड़े रहने के लिए अपनी खास तस्वीरें और वीडियो अक्सर शेयर करती रहती हैं। उनके इस अंदाज के फैंस दीवाने हैं। शेफाली जरीवाला ने बुधवार को सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में शेफाली जरीवाला का हॉट और बोल्ड अंदाज देखने को मिल रहा है।


वह स्विमिंग पूल में एन्जॉय करती नजर आ रही हैं। शेफाली ने इन तस्वीरों को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट में शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- 'It's Wednesday. Take a break….Ð' इन तस्वीरों को शेफाली के फैंस काफी पंसद कर रहे हैं। वहीं इस पर कमेंट कर लगातार फैंस अपनी प्रतिक्रिया भी देते दिख रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि शेफाली जरीवाला साल 2002 में %कांटा लगा% गाने से लाइमलाइट में आयीं थी। इस गाने ने न ?सिर्फ शेफाली को रातों-रात हिट बनाया बल्कि उन्हें %कांटा लगा गर्ल% का टैग भी मिल गया। इसके बाद उन्होंने फिल्मों में एक्टिंग करने का फैसला किया। शेफाली जरीवाला ने पराग त्यागी से साल 2014 में शादी की है। वह अक्सर अपने पति के साथ भी इंटरनेट मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। इससे पहले शेफाली जरीवाला ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर पति के साथ बोल्ड वीडियो शेयर किया था। इस वीडियो में शेफाली बिकिनी पहन पति संग पूल में सीजलिंग डांस करती दिख रही थीं। वीडियो में देखा जा सकता है कि शेफाली व्हाइट कलर की बिकिन पहनकर पूल में पति के साथ डांस कर रही हैं। शेफाली ने खुद ही इस वीडियो को शूट भी किया है। वहीं पति पराग इस दौरान शर्टलेस नजर आए। बताते चलें कि शेफाली जरीवाला अक्सर पति पराग त्यागी संग अपने हॉट वीडियो और तस्वीरें इंटरनेट मीडिया पर शेयर करती रहती हैं।

# कपड़ा व्यापारी ने मेडिकल को किया देहदान

## छात्रों को पढ़ने और प्रेक्टिकल में नहीं आएगी परेशानी





**जबलपुर, यशभारत।** नरसिंह बिल्डिंग रानीताल चौक निवासी 73 वर्षीय नरेन्द्र कुमार जैन ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस कॉलेज में अध्ययनरत छात्रों को प्रेक्टिस के लिए एक नेक काम करते हुए अपना देह दान किया है। नरेन्द्र जैन मूलत : कपड़ा व्यापारी है। गोहलपुर क्षेत्र में उनकी दुकान है। नरेन्द्र जैन बताते है कि काफी समय पहले मन में एक संकल्प लिया था कि अपनी देह दान करना है। इसके लिए उसने मेडिकल प्रबंधन से बात की और फिर परिवारजनों को समझाया। इसके बाद मेडिकल जाकर इच्छापत्र भरकर जमा कर दिया। नरेन्द्र जैन ने बताया कि उनके देह का कोई भी अंग अगर किसी व्यक्ति को बेहतर जीवन देने हेतु होता है, तो उससे बड़ा सौभाग्य और कोइ नहीं।

### दो बेटे और पत्नी भी सहमत

नरेन्द्र की पत्नी सरोज जैन, पुत्र शैलेन्द्र और संदीप जैन ने पिता के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि इससे मेडिकल में पढ़ने वाले विद्यार्थी किसी का बेहतर इलाज कर सकेंगे। इससे चिकित्सा क्षेत्र में उन्हें नया प्रयोग करने का अवसर भी प्रदान होगा।

# चरित्र शंका पर पत्नी की हत्या

# हंसिया से गर्दन उड़ाने के बाद लाश के पास बैठा रहा पति

**जबलपुर,यशभारत। पनागर के आजाद वार्ड में सनकी पति ने पत्नी की जघन्य हत्या कर दी। हंसिया से पत्नि को मौत के घाट उतारने के बाद पति उसकी लाश के पास ही बैठा रहा और गाली देता रहा। चरित्र शंका पर वारदात को अंजाम देने के बाद पति को इसका अफसोस नहीं है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए मामले को जांच में लिया है।**





### हंसिया से कई वार किए

पुलिस ने बताया कि आजाद वार्डं में चरित्र शंका को लेकर हैवान बने पति ने दरमियानी रात पत्नी से पहले तो जमकर मारपीट की और फिर पास में ही रखे हंसिया से गर्दन पर दनादन कई वार कर, मौत के घाट उतार दिया। इतना ही नहीं पत्नि के शव के पास बैठकर गालियां दे रहा था। मोहल्ले के लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर, आरोपी को अभिरक्षा में ले लिया है।

### पत्नि चांदनी से बहुत प्यार करता था

पुलिस ने बताया कि आरोपी पति अपनी पत्नी चांदनी से बहुत प्यार करता था। उसको शक था कि पत्नी का अफेयर किसी और से है। इसको लेकर कई बार दोनों के बीच विवाद हुआ। पनागर थाना प्रभारी आरपी सोनी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि आजाद वार्ड निवासी ज्ञान बाई उर्फ नंदनी कोल 45 साल और पति गनेश कोल के बीच दरमियानी रात झगड़ा हुआ था। गनेश अपनी पत्नी के चरित्र पर शंका करता था। इसी को लेकर पहले तो उसने ज्ञान बाई से जमकर मारपीट की और फिर हंसिया से प्राणघातक हमला किया। इससे पहले भी दोनों के बीच कहा सुनी हो चुकी थी। मृतक के बेटे का कहना है कि पापा-मम्मी में इतना बड़ा विवाद हो जाएगा उसने सोचा नहीं था।

### बेटा गया था मौसी के यहां

घटना स्थल पहुंची पुलिस ने बताया कि मृतिका का बेटा कल ही मौसी के यहां गांव गया था और घर में पति और पत्नी के अलावा कोई नहीं था। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने जैसे ही मृतिका के घर आकर देखा तो खून से लथपथ ज्ञान बाई का शव कमरे में पड़ा हुआ था।

# शादी निभाने चाहिए 50 हजार : मारपीट कर घर से धक्के मारकर निकाला, मामला दर्ज

**जबलपुर, यशभारत।** हनुमानताल के फूटाताल में दहेज प्रताड़ना का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। नवविवाहिता पत्नी को पति ने 50 हजार रकम की डिमांड करते हुए पहले तो जमकर मारपीट की और फिर घर से धक्के मारकर बाहर निकाल दिया। रोते हुए थाने पहुंची पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार 27 वर्षीय महिला निवासी फूटाताल ने बताया कि वह पचमढ़ी जिला होशंगाबाद की निवासी है। उसकी शादी 11 जून 2021 को फटाताल निवासी विवेक भौरेल से सामाजिक रीति रिवाज से हुयी थी , विवाह के समय उसके पिता ने नगद 50 हजार रूपये, सोने चांदी के जेवर उपहार में दिये थे जिससे उसके ससुराल पक्ष के लोग खुश नहीं थे, उसके पति विवेक भौरेल, ससुर, सास , देवर एक राय होकर मायके से 50 हजार रूपये नगद लाने की मांग कर रहे थे , उसने मना किया तो उसके साथ मारपीट कर प्रताड़ित करते थे, विगत दिन उसके पति विवेक ने उसे 50 हजार रूपये मायके से लाने की मांग करते हुये उसके साथ मारपीट की थी उसके मायके पृक्ष के लोगों ने उसके ससुराल वालों को समझाने का प्रयास किया लेकिन नहीं मान रहे हैं। पति, सास, ससुर, देवर की आये दिन की मारपीट एवं प्रताड़ना से तंग आ चुकी है।

## 12 साल की मासूम की मौत

# परिजनों ने कहा- वैक्सीन का दूसरा डोज लगने के बाद बेटी ने तोड़ा दम

**जबलपुर,यश भारत।** कोरोना का वीभत्स काल रौंगटे खड़े करने वाला था। जिससे बचाव हेतु वैक्सीनेशन ही एक मात्र विकल्प है। लेकिन एक 12 साल की मासूम की वैक्सीन के दूसरे डोज लगने के बाद मौत हो गयी। परिजनों का आरोप है कि वैक्सीन लगने के पहले बच्ची स्वस्थ्य थी, लेकिन वैक्सीन लगने के बाद बच्ची की हालत बिगड़ गयी। जिसे अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन तब तक वह दम तोड़ चुकी थी। जिसके बाद हड़कंप की स्थिति बन गई। पूरा मामला मंडला के थाना महाराजपुर का है। जहां बच्ची की मौत होने के बाद उसका शव जांच के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज लाया गया है। अब यहां एक्सपर्ट द्वारा पीएम होने के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। जानकारी अनुसार मेडिकल चौकी पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि थाना महाराजपुर, मंडला निवासी 12 वर्षीय सोनिया उईके का शव पीएम हेतु जबलपुर मेडिकल लाया गया है। बच्ची के पिता मुकेश उईके ने बताया कि 23 मई 2022 को कोरोना वैक्सीन लगने के बाद ही बच्ची की तबियत बिगड़ गयी और दूसरे दिन उसकी मौत हो गयी। अब जांच रिपोटज़् के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।







स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )